तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025



11 बोरी में शराब दुकान खोलने के आदेश से ग्रामीणों में उबाल, प्रदर्शन का दौर






## खबर संक्षेप

### एसआईआर के लिए दो कलर फोटो अनिवार्य

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण और अर्हता 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में बीएलओ द्वारा समस्त मतदाताओं के घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा मतदाता नागरिकों से अपील की गई है कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता का सत्यापन किये जाने के दौरान गणना पत्रक में आवश्यक दस्तावेजों के साथ दो कलर पासपोर्ट साइज फोटो बीएलओ को उपलब्ध कराई जाए।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविर 10 से

दुर्ग। परिवहन आयुक्त, कार्यालय नवा रायपुर एवं केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के दिये गये प्रावधानों, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के साथ समय-सयम पर जारी अन्य निर्देशों के अतिरिक्त माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के परिपालन में छत्तीसगढ़ 01 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार उक्त निर्देश के अनुक्रम में आम जनता, कार्यालीयीन अधिकारी-कर्मचारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीन वेली सोसायटी जुनवानी दुर्ग में 10 से 15 नवम्बर, ड्रीम होम सोसायटी स्मृति नगर दुर्ग में 17 से 21 नवम्बर तक और ए.सी.सी. जामुल दुर्ग में 24 से 29 नवम्बर 2025 तक इन स्थानों पर शिविर आयोजित किये जाएंगे। शिविर में ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने की कार्यवाही संबंधित कंपनी रोसमेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड के कर्मचारी उपस्थित रहकर कार्यवाही करेंगें।

### कर्नाटका बैंक के 22 खातों में 10.67 लाख

भिलाई। कर्नाटका बैंक के 22 खातों में ठगी के लाखों रुपए आने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल पुलिस को सूचना मिली। म्युल खाते का इस्तेमाल कर सायबर ठगी के रकम को उपयोग किया गया है। खातों में 10.67 हजार 665 रुपयो का जमा हुआ है। पुलिस खाता धारकों से पूछताछ करने की तैयारी है। म्यूल खातों में ठगी का रकम आना पहला मामला नहीं है।पहले भी बैंक खाता धारकों में लाखों रुपए ट्रांसफर हो चुके है। पुलिस कार्रवाई भी किया है।

### वंदे मातरम गीत का सामूहिक वाचन आज

दुर्ग। वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 नवंबर को पुराना बस स्टैंड में कार्यक्रम आयोजित कर सामूहिक रूम से वंदे मातरम गीत का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रंजना साहू होंगे। दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि 7 नवंबर को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्षगांठ के अवसर पर पुराना बस स्टैंड दुर्ग में 3 बजे से सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत का कार्यक्रम रखा गया है।

नई व्यवस्था : दुर्ग जिले में 31, बालोद में 23 और बेमेतरा में 38 नई सोसायटी

# धान बेचने किसानों को नहीं जाना पड़ेगा दूर समितियों का विभाजन कर बनाए 92 नए केंद्र

देवीलाल साहू ▶▶भिलाई

किसानों को अब धान बेचने के लिए दूर जाना नहीं पड़ेगा। किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी को देखते हुए इस बार नए धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। ये पहले पुरानी सहकारी समितियों में थे। इन समितियों में से जो गांव दूर हैं उन्हे अलग कर लिया गया है और आसपास के गांव मिलाकर एक नई समिति बनाई गई है। दुर्ग जिला केंद्रीय सहकारी मर्यादित बैंक के अंतर्गत 92 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी का गठन किया गया है। जिसे धान खरीदी के लिए नए उपार्जन केंद्र बनाए जाएंगे। प्रदेश सरकार द्वारा केबिनेट में बैठक होने के बाद छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन हो गया है और दावा-आपत्ति के बाद इसे मंजूरी भी दे दी गई है। इस हिसाब से दुर्ग जिले में 31, बालोद जिले में 23 और बेमेतरा जिले में 38 नई सोसायटी का गठन के साथ ही ये धान उपार्जन केंद्र के रूप में होंगे। पिछले साल 311 सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी की गई थी। इस साल अब कुल 402 सहकारी सोसायटी के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी।



फाइल फोटो

### दुर्ग जिले में वर्तमान में हैं 87 समिति

दुर्ग जिले में वर्तमान में 81 प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी है। इनमें 31 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी और जुड़ जाएंगे। इस तरह इस बार 118 सहकारी सोसायटी हो जाएगी जो धान उपार्जन केंद्र के रूप में तब्दील की जाएगी। जिससे किसानों को अपने नजदीक सासोयटी में जाकर धान बेच सकेंगे।

### बालोद जिले में वर्तमान में 122 सोसायटी

बालोद जिले में वर्तमान में 122 प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी हैं। इनमें अब 23 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी और जोड़े गए हैं। इस तरह इस बार बालोद जिले में 145 सहकारी सोसायटी के माध्यम से धान खरीदी होगी। ये सभी धान उपार्जन केंद्र के रूप में तब्दील किए जाएंगे। जिससे किसानों की सुविधाएं बढ़ाई जा सके।

### बेमेतरा जिले में वर्तमान में 102 समितियां

बेमेतरा जिले के अंतर्गत वर्तमान में 102 प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी हैं। इस बार इन सोसायटियों का पुनर्गठन किया गया है। पुनर्गठन के बाद इस जिले में 38 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी और जुड़ जाएगी। यानी अब इस बार इस जिले में 140 सहकारी सोसायटी से धान खरीदी होगी। इन सोसायटियों का पुनर्गठन धान उपार्जन केंद्र के रूप में करने के लिए किया गया है।

### ऐसी तस्वीर होगी इस बार नए धान उपार्जन केंद्रों की

दुर्ग जिले में धनोरा, दमोदा, गनियारी, कातरो आदि नई समिति

धनोरा - धनोरा, हनोदा, खम्हरिया, बोरसी, रिसाली के किसान धान बेचेंगे। दमोदा में दमोदा, बोरई, कुर्सीडीह। गनियारी में गनियारी, पीपरछेड़ी, खुरसुल। कातरो- कातरो, मातरोडीह। दनिया में दनिया गांव। पथरिया में पथरिया, डोमा। पुरदा में पुरदा, गाड़ाडीह, करेली। अरसी में अरसी, सुकरीकला। करेली में करेली, पड़ोरा, दानीकोकड़ी, बसनी। पेन्ड्री में पेन्ड्री, नवागांव, गोबरा। दारगांव में दारगांव, मोहलई, टठिया। नंदवाय में नंदवाय, नंदेली, भरनी। नंदनी खुदनी में नंदनी खुदनी, पिटौरा, देवरझाल, धिकुड़िया। सेमरिया में सेमरिया। खजरी में खजरी, बिरोदा। मेडेसरा में मेड़ेसरा, पथरिया, सहगांव। सुरसुंग में सुरडुंग, खेरथा। मलपुरीकला में मलपुरीकला। हिरेतरा में हिरेतरा, बिरेमाठ, अकोली, अछोली। भाठाकोकड़ी में भाठाकोकड़ी, मुडपार, खैरझिटी। सिल्ली में सिल्ली, परसुल्ली। जरवाय में जरवाय, बोरेण्डा। सिकोला में सिकोला, टोला, चंगोरी। महकाखुर्द में महकाखुर्द, महकाकला, परेवाड़ीह, मोरिद। असोगा में असोगा, कौही। बोरवाय में खोला, बासीन, बोरवाय, औरी। अरमरीखुर्द में अरमरीखुर्द व रीवागहन। ढ़ौर में ढ़ौर,अचानकपुर, मुड़पार, चुनकट्टा। अरसनारा में अरसनारा व चीचा। धौराभाठा में धौराभाठा गांव के किसान धान बेच सकेंगे।

### बालोद जिले में ये नई समिति जो बनेंगे उपार्जन केंद्र

दनिया नवागांव नई सोसायटी में दनिया नवागांव, परसदा, डेंगरापार के किसान शामिल होंगे। खपरी में खपरी, भोईनापार, परसाही। चंदनबिरही में चन्दनबिरही, बागतराई, चिटौद। सनौद में सनौद, बोहारा, सांगली। बम्हनी में बम्हनी, छिन्दगांव, कटरेल, कुसुमटोला। ठेमाबुजुर्ग में ठेमाबुजुर्ग, ठेमाखुर्द, गंगोलीडीह, घोरदा, होदेकसा, भीमाटोला। नलकसा में नलकसा, कोपेडेरा, हिडकापार, तुएदण्ड, कुमुड़कट्टा। सुरडोंगर में सुरडोंगर (मरकाटोला), जबकसा. लिमउडीह, खुर्सीटिकुर। भर्रीटोला में भर्रीटोला, चिपरा, ककरेल, रजही, देवपांडुम, जुनवानी। चिखली में चिखली, गोटुलमुण्डा, नर्राटोला. बोरगांव। खलारी में खलारी, जमही, अड़जाल। बिटाल में बिटाल, हितकसा, जाबुड़वाही, झरनदल्ली, धोबेदण्ड, श्रीकाटोला, कोडेकसा। झरनटोला में झरनटोला, मरकामटोला, साल्हेटोला, पिंगाल, किल्लेकोड़ा, बघमार। परसाडीह में परसाडीह ज, सोरली, खैरीडीह, कापसी। भुरकाभाट में भुरकाभाट, मनकी, शिकारीटोला, वेलीटोला। डुडेरा में डुंडेरा, नवागांव, लासाटोला। कमरौद में कमरौद, मोहलई व कोंगनी। माहुद अ में माहुद अ, डुंडिया। सरेखा में सरेखा, दनिया व खपरी। तलोदा में तिलोदा व पाउवारा। खोलझर में खोलझर, बुल्लूटोला, नलपानी, भिंदो व लुरकाझर।

### बेमेतरा जिले में यहां नई समिति करेगी खरीदी

ओड़िया, पिपरिया, परसबोड़, भटगांव, जानो, लुक, मासुलगोंदी, नवागांवकला, कंदई, केशडबरी, हरदी, सांकरा, कुम्ही, लावातरा, भाठासोराही, आन्छु, परपोड़ा, बसनी, गांगपुर, खैरझिटी, बिटकुली, लालपुर, जांता, बटार, पड़कीडीह, करचुवा, मजगांव, जंगलपुर, गनिया, झुलना, मेहना, कुंवा, चिचोली, एरमशाही, गनियारी, तेंदुआ, झिलगा।

**औपचारिकता बाकी** दुर्ग, बालोद व बेमेतरा जिले में इस बार 92 नई समिति बनाई गई है। किसानों की सुविधा के लिए पुरानी समितियों में से ही गांव अलग कर पुनर्गठन किया गया है। इस साल कुल 402 सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी हो सकेगी। नई समितियों को धान उपार्जन केंद्र के रूप में औपचारिक घोषणा बाकी है।

-ह्देश कुमार शर्मा, प्रभारी सीईओ जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग

# महिला स्व सहायता समूह की सचिव ने की 20 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



महिला स्वसहायता समूह के रकम को बैंक खाते में न जमाकर स्वयं के पास रख कर ठगी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ग्राम कोटनी निवासी दिव्या साहू नव जागृति समुह अध्यक्ष है। उन्होंने शिकायत किया था कि महिला स्व सहायता समूह के राशि को गबन गांव की मनिता निषाद ने किया है। पुलिस ने जांच में बात सामने आई कि नव जागृति महिला समूह, उज्जवला महिला समूह, आस्था महिला समूह, राधे राधे महिला समूह, साधना महिला समूह, प्रेरणा महिला समूह, प्रगति महिला समूह, नवा अंजोर महिला समूह, जय मां शीतला महिला समूह, वैभव महिला समूह, ग्राम पंचायत कोटनी मे संचालित बिहान योजना के 10 महिला स्व सहायता समूहों की कुल 20 लाख की राशि को ग्राम कोटनी मनीता निषाद अपने पास रख लिया। शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत कोटनी में सरकार द्वारा बनाई गई योजना महिलाओं द्वारा स्वरोजगार के लिए आहरण की गई। बैंक से राशि को ग्राम के ही मनीता निषाद ने गबन किया। मनीता ने समूह नव जागृति महिला स्व सहायता समूह में सचिव के पद पदस्थ थी। इसकी जानकारी बैंक से नोटिस मिलने के बाद सभी को पता चला था।

**महिला से चेन स्नेचिंग :** भिलाई। फुल तोड़ते समय महिला के गले का सोने का चेन पार करने वाले अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि कमला शर्मा अपने घर के बाउण्ड्रीवाल के भीतर फुल को तोड रही। महिला गले में सोने की चैन लाकेट लगा हुआ पहनी थी। फुल तोडते समय बाउण्ड्रीवाल के बाहर अज्ञात युवक स्कूटी के चालक घर के सामने सड़क में वाहन को खडा कर महिला के पास पहुंचकर गले का चेन पार कर दिया। सोना 2 तोले का था जिसकी कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। महिला के चिखने चिल्लाने पर युवक मौके से फरार हो गया।

# नेशनल फुटबॉल खिलाड़ी से छेड़खानी व हाथापाई, आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नेशनल फुटबाल खिलाड़ी के साथ छेड़खानी कर उसके साथ हाथापाई करने का मामला सामने आया है। खिलाड़ी की बांह पकड़कर आरोपी उसे जबरन अपने साथ चलने का दबाव भी बना रहा था। युवती ने किसी तरह आरोपी से चुंगल छुड़ाकर पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 74, 78, 351(3), 126(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने एमपी के भोपाल निवासी आरोपी कुणाल परिहार के खिलाफ वारदात के तीसरे दिन फुटबॉल कोच, खिलाड़ी, परिजनों ने पुलिस में शिकायत किया। 5 नवंबर की रात आरोपी कुनाल को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। 3 नवंबर की दोपहर महिला खिलाड़ी नेशनल फुटबॉल खिलाडी अभ्यास के लिए दुर्ग रविशंकर स्टेडियम जा रही थी। तभी चौपाटी के पास पहुंची ही थी तो आरोपी कुनाल परिहार मौके पर पहुंचा। कुनाल खिलाड़ी का रास्ता रोक लिया। जबरन साथ चलने का दबाव बना रहा था। खिलाड़ी आरोपी के साथ जाने विरोध करने पर युवती का हाथ पकड़ा, और बांह पकड़ लिया। युवती के साथ हाथापाई तक आरोपी किनाल करने लगा। युवती आरोपी के चंगुल से बचने के लिए दुर्ग के एक दुकान में चली गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और खिलाड़ी को सुरक्षित घर लेकर गए। परिजनों से सलाह के बाद 5 नवंबर को युवती अपने पिता के साथ पद्मनाभपुर पुलिस थाने पहुंची थी। खिलाड़ी के मुताबिक आरोपी कुणाल साल भर से परेशान कर रहा है। वह अन्य साथियों को भी रात-रात में फोन करता है। आरोपी का नंबर ब्लॉक कर देने पर नए नए नंबर से परेशान करता था। वह फोन और सोशल मीडिया के जरिए भी प्रताड़ित करता। उसके दोस्तों और साथी खिलाड़ियों से भी बात कर उसे मैसेज भेजता था।



# कोयले से भरे ट्रक में लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई/कुम्हारी

तेज रफ्तार से जा रहे कोयल से लदा ट्रक में अचानक आग से धू-धूकर जलने लगा। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर दमकल की टीम पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक सीजी 10 बीएच 9459 दुर्ग से रायपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान ट्रक खारुन नदी पुल पर पहुंचते ही धुआं उठने लगा। चालक तुरंत ट्रक से उतर कर देकने लगा। तब तक आग केबिन और ट्राले में फैल गई जिसके कारण धू-धू कर ट्रक और कोयला जलने लगा। ट्रक पुल के बीचों-बीच पहुंचा ही था कि केबिन के नीचे से धुआं उठने लगा। चालक ने तुरंत ट्रक रोककर अपनी जान बचाई। चंद मिनटों में आग भयानक रुप ले लिया। आसपास के लोगों ने सूचना कुम्हारी पुलिस और दमकल को दी। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ट्रक पूरी तरह आग से जलकर खाक हो चुका था। आग लगने का कारण अज्ञात है। मामले की जांच में कुम्हारी पुलिस जुटी हुई है। ट्रक में आगजनी की घटना शॉर्ट सर्किट से होना बताया जा रहा है।



# मदरटेरेसा नगर व शीतला कांपलेक्स के पास आठ अवैध कब्जे हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत पावर हाउस वार्ड 37 शीतला काम्पलेक्स के पास बेदखली कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के प्रातः भ्रमण के दौरान पाया गया कि दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से शेड निर्माण कर कब्जा कर लिया गया है। मार्केट क्षेत्र की सड़कें सकरा एवं गली नुमा होने के कारण आवागमन में बाधा हो रही थी। आम नागरिको की असुविधा को देखते हुए निगम प्रशासन एवं छावनी थाना पुलिस बल की उपस्थिति में अवैध कब्जा पर बेदखली कार्यवाही की गई। महावीर शर्मा एवं अजय वर्मा के निर्मित चैनलयुक्त दरवाजा से लगा हुआ सीढ़ी के बाद अतिरिक्त कब्जा किया गया है, पार्षद मन्नान गफ्फार द्वारा दो दिन का समय देने आग्रह किया गया। उक्त आग्रह अनुसार दो दिन का समय दिया गया है। अवैध कब्जाधारियों द्वारा स्वंय से कब्जा हटाने सहमति प्रदान किये है। कुछ लोगो द्वारा अस्थायी रूप से बांस बल्ली एवं त्रिपाल लगाकर अवैध दुकान संचालित किया जा रहा था, उनमें से 8 अवैध टफरी को हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा मौजूद थे।

**ननि भिलाई की कार्रवाई**



विधायक, मेयर व निगम आयुक्त ने बैठक में लिया निर्णय

# शहर में बैनर-पोस्टर लगाने अनुमति जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शहर की सुन्दरता में एक दाग की तरह दिखने वाले तीज त्यौहार एवं जन्मदिन उत्सव के छोटे-बड़े बैनर-पोस्टर अब नहीं लगाये जायेगें। पूर्व से लगे शासकीय भवन, विद्युत पोल, दिशा सूचक के पोस्टर हटाये जाएंगे। अब निगम के अनुमति से ही युनिपोल पर अथवा निर्धारित स्थल पर बेनर-पोस्टर लगाने की अनुमति होगी।

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में समीक्षा बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगाये गये डिजाइनर विद्युत पोल तथा बड़े दिशा सूचक गेट एवं अन्य शासकीय भवनों में तीज त्यौहार अथवा जन्मदिन के बधाई का बेनर-पोस्टर लगाकर शहर की सुन्दरता को खराब करने वाले कार्य अब निगम भिलाई क्षेत्र में नहीं होगें। इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन ने अधिकारियों से कहा कि शहर के विकास के लिए निर्माण के जो प्रस्ताव जरूरी हो उसे तत्काल तैयार कर लें। और विधिवत प्रक्रिया का पालन कर स्वीकृति के लिए शासन को प्रेषित करें। ताकि शहर के विकास को एक नई दिशा दिया जा सकें। वहीं नगर निगम का नवीन कार्यालय भवन निर्माण की दिशा में सारी औपचारिकता पूर्ण कर निर्माण का रास्ता प्रशस्त करें।



महापौर ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि सांसद विजय बघेल एवं भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने भी चर्चा के दौरान इस पर अपनी सहमति व्यक्त किया है और कहा कि शहर की सुन्दरता के लिए अन्य प्रदेशो के निगम इस तरह की अनुमति प्रदान नहीं करता है, यह कार्य भिलाई में भी किया जा सकता है। आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तों से कहा है कि अपने जोन क्षेत्र के सामाजिक संस्था, जनप्रतिनिधि से चर्चा कर शहर की सुन्दरता में सहयोग के लिए बेनर-पोस्टर नहीं लगाने की अपील करें। आवश्यकतानुसार बैठक कर पूरी जानकारी उनसे साझा करें। बैठक में सभी जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी एवं निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### मीडिया कर्मी के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

भिलाई। मीडिया कर्मी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर अपराध दर्ज किया गया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मकान आर-38, हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी पवन केशवानी सैलानी मजार नगर निगम भिलाई जोन 3 कार्यालय के पास अवैध कब्जा हटाने का आदेश जारी होने के बाद रिपोर्टिंग करने गया था। 6 नवम्बर अपने कैमरा सहयोगी राकेश साहू के साथ मौके पर पवन गया था। जोन 3 कार्यालय के गेट के पास खड़े होकर पवन रिपोर्टिंग कर रहा था। तभी गुलाम सिद्धकीय व अन्य ने पवन के कार के पास पहुंचे और कालर पकड़ लिया। आरोप है कि सामने पड़े ईंट से भी पवन केशवानी पर हमला किया गया। घटना में पवन के हाथ समेत शरीर के हिस्सों में चोट आई है। गुलाम ने पवन को ईंट लेकर कार के पीछे मारने के लिए दौड़ाया। पवन का मुलाहिजा कराया गया है। जांच जारी है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


दुर्ग ग्रामीण के
यशस्वी विधायक
श्री ललित चंद्राकर जी
को जन्मदिवस की
बधाई एवं शुभकामनाएँ
राकेश त्रिपाठी
अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद
रंग बहादुर सिंह
अजीत चौधरी
राजू राम
बृज सिंह
राजेश यादव
संजय पटेल
मालबाबू सिंह
बृजेन्द्र उपाध्याय
आकाश सिंह
सौजन्य : रिसाली ठेकेदार संघ, नगर पालिक निगम रिसाली

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ स्तरीय तबला वादन में खिलेश्वर प्रथम

**उतई।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तबला वादन का आयोजन रायपुर में किया गया था। जिसमे खिलेशवर चीन्टू साहू धनोरा दुर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिनका चयन अब राष्ट्रीय स्थर के लिए चयनित किया गया है।

## निधन

### मन्नी मनहरे



**दुर्ग।** सिद्धार्थनगर निवासी एवं नगर पालिका निगम दुर्ग के कर्मचारी मन्नी मनहरे उर्फ धर्मेंद्र मनहरे का आकस्मिक निधन 5 नवंबर हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 नवंबर को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम किया गया। वे अनिल मनहरे का भतीजा तथा राहुल मनहरे का चाचा था।

### शांति लता वर्मा



**दुर्ग।** क्वार्टर नं 416, एचआईजी-1 न्यू बोरसी निवासी शांति लता वर्मा का निधन 5 नवंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 नवंबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रिटायर बीएसपी पीआरओ स्व. कृष्ण कुमार वर्मा की पत्नी एवं राकेश कुमार वर्मा की मां थीं।

### जवाहर लाल शुक्ला



**दुर्ग।** नयापारा निवासी जवाहर लाल शुक्ला का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे सतरूपा शीतला मंदिर समिति सिविल लाइन कसारीडीह के मुख्य पुजारी पंडित धीरज शर्मा के पिता थे।

### वासुदेव



**भिलाई।** मकान नंबर एच1 कृष्णा पब्लिक स्कूल के पीछे निवासी वासुदेव पिता के नीलकंठ का निधन 6 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 नवंबर को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कमल नारायण के भाई थे। अंतिम यात्रा निवास स्थल से निकलेगी।

### सरपंच बोले-पंचायत से नहीं ली गई अनुमति, ग्रामसभा में भी नहीं हुआ कोई प्रस्ताव

# बोरी में शराब दुकान खोलने के आदेश से ग्रामीणों में उबाल, प्रदर्शन का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा





प्रशासन द्वारा बोरी ग्राम पंचायत क्षेत्र में शराब की दुकान खोले जाने के आदेश जारी किए जाने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया है। इस निर्णय के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 10 से 12 गाँवों के ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रदर्शन में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली, जिन्होंने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस मामले में ग्रामीणों के कलेक्टर को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा है बावजूद प्रशाशन ने शराब दुकान के निरस्तीकरण को लेकर कोई आदेश नहीं दिया गया है। ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच टिकेश्वर देशमुख ने बताया कि पंचायत की ओर से इस विषय में न तो कोई अनुमति (अनापत्ति प्रमाण पत्र) दी गई है और न ही ग्रामसभा में कोई प्रस्ताव पारित हुआ है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा शराब दुकान खोलने का निर्णय ग्रामवासियों पर जबरन थोपा जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान स्कूली बच्चों ने भी तख्तियाँ लेकर शराब दुकान के विरोध में नारेबाजी की और सरकार से निर्णय वापस लेने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में शराब दुकान खुलने से युवाओं में नशाखोरी बढ़ेगी, घरेलू विवादों और अपराधों में वृद्धि होगी, तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने इसे गांव की शांति और सामाजिक वातावरण के लिए हानिकारक बताया। ग्रामीणों ने राज्य सरकार की शराब दुकान खोलने की नीति को लेकर कड़ी नाराजगी जताई और साय सरकार पर जनभावनाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने आदेश वापस नहीं लिया, तो वे आगे बड़े आंदोलन की राह पर चलने को मजबूर होंगे।

## शासकीय महाविद्यालय जामुल में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर हुआ अतिथि व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल भिलाई में मंगलवार को भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई की जंतु विज्ञान की सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सोनिया बजाज रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात डॉ. बजाज ने भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर अपना व्याख्यान देते हुए बताया कि आज के इस आधुनिक और प्रतियोगी की युग में इसका क्या महत्व है, उन्होंने बताया कि कैसे हमारी परंपराएं जिनमें भारतीय दर्शन, आयुर्वेद, योग, आध्यात्मिक शिक्षा, शैक्षणिक परंपरा, वैदिक परंपरा, नैतिकता, साहित्य कला व संगीत, वेद, उपनिषद, धर्म-कर्म व पुरुषार्थ, ब्रह्मचर्य का आचरण, वैज्ञानिक व गणितीय परंपरा, आदि के बारे में विस्तार से बताया तथा कहा कि यह कैसे इस आधुनिकता युग में हमें संयमित व्यवहार वह निर्णय लेना सिखाती है जिसके आधार पर हम अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि यह परंपरा कोई नई नहीं है यह हमारी अपनी परंपरा है जिसे संजोय रखना हमारा नैतिक कर्तव्य और जिम्मेदारी है ताकि आने वाली पीढ़ी भी अपने जीवन में इसे आत्मसात कर सके। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. शशि कश्यप ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

# अटल परिसर अमलेश्वर बना आकर्षण का केंद्र, लोग बोले शानदार निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन




रायपुर से सटे नगर पालिका अमलेश्वर का अटल परिसर आज लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। आधुनिक डिजाइन, स्वच्छ वातावरण और सुसज्जित सौंदर्य के कारण यह परिसर आसपास के क्षेत्रों के लिए एक आदर्श उदाहरण बन चुका है। जो भी व्यक्ति यहां पहुंचता है, वह इसकी खूबसूरती देखकर दंग रह जाता है और नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर तथा पालिका के इंजीनियर की जमकर प्रशंसा करने लगता है। अटल परिसर का निर्माण नगर पालिका अमलेश्वर द्वारा योजनाबद्ध तरीके से किया गया है। परिसर में सुंदर बगीचे, बैठने की आरामदायक व्यवस्था, आकर्षक और रात में झिलमिलाती एलईडी लाइटों की रोशनी इसे और भी मनमोहक बना देती है। यहां आने वाले लोग न केवल इसकी सुंदरता से प्रभावित हैं, बल्कि इसके रखरखाव और स्वच्छता की भी खूब तारीफ कर रहे हैं।

पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर ने बताया कि अटल परिसर का उद्देश्य नागरिकों को एक ऐसा सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराना है जहां लोग परिवार और बच्चों के साथ समय बिता सकें शहर की पहचान के रूप में यह स्थल उभरे। उन्होंने बताया कि यह पूरा कार्य सीएमओ और पालिका इंजीनियर और उनकी टीम की मेहनत का परिणाम है जिन्होंने हर छोटे से छोटे डिजाइन पर विशेष ध्यान दिया। परिसर देखने आए एक नागरिक ने कहा ऐसा सुंदर स्थल पहले कभी अमलेश्वर में नहीं देखा। यहां की सफाई, बागवानी और व्यवस्था देखकर लगता है कि नगर पालिका वास्तव में विकास की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। रात के समय परिसर की रोशनी, सजे हुए पौधे और चमकती पगडंडियां इसे किसी पर्यटन स्थल जैसा दृश्य प्रदान करती हैं आनंद लेते हैं, बुजुर्ग आराम से बैठकर सुकून भरी हवा का आनंद उठाते हैं, और युवा यहां सेल्फी लेते नहीं थकते।

अटल परिसर का यह रूप अमलेश्वर की पहचान बदल रहा है। यह केवल एक पार्क नहीं, बल्कि विकास और सौंदर्य का प्रतीक बन गया है। नगर पालिका अध्यक्ष और इंजीनियर की दूरदर्शिता और समर्पण के कारण अमलेश्वर आज गर्व से कह सकता है हमारा अटल परिसर, हमारी शान।

## जिला आयोजन में उपस्थित रहेंगे समस्त देवांगन समाज जामुल मंडल

**जामुल।** देवांगन समाज जामुल इकाई की बैठक में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह, सगाई कार्यक्रम एवं युवक–युवती परिचय सम्मेलन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में शिवपुरी जामुल से प्राप्त आवेदन पर विचार-विमर्श किया गया। इकाई द्वारा समाज के उपयोग हेतु प्लास्टिक मुक्त बर्तन का बहिष्कार करने हेतु स्टील एवं अन्य धातु के खरीदे गए बर्तनों का प्रदर्शन किया गया तथा किए गए व्यय की जानकारी सदस्यों को दी गई। भवन एवं बर्तनों के रखरखाव की जिम्मेदारी राम प्रकाश देवांगन को सौंपी गई है। सदस्य आवश्यकतानुसार रसीद कटवाकर बर्तन प्राप्त कर सकेंगे। इकाई संगठन के विस्तार पर भी चर्चा की गई। जो भी सदस्य (महिला/पुरुष) समाज की कार्यकारिणी में पद ग्रहण करना चाहते हैं, वे आगामी बैठक में उपस्थित होकर अपनी रुचि व्यक्त कर सकते हैं।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## टिकेश्वरी लाल देशमुख को मिला कीर्ति शेष कोदूराम वर्मा सम्मान




**अंडा।** पूर्ववर्ती दुर्ग जिले में 1990 से 2003 तक जिला साक्षरता समिति दुर्ग द्वारा संचालित साक्षरता, उत्तर साक्षरता, सतत शिक्षा कार्यक्रम में सहभागी होकर दिए गए उत्कृष्ट व अनुकरणीय योगदान के लिए टिकेश्वरी लाल देशमुख को कीर्ति शेष कोदूराम वर्मा सम्मान प्रदान किया गया। गौरतलब हो कि स्व. कोदूराम वर्मा करमा, लोकगीत एवं नृत्य को लेकर देश में करमा सम्राट के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन तथा प्रदर्शन के लिए काम करते हुए करमा को देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया।






# टाउनशिप में थर्ड पार्टी आवासधारियों पर फिर गिरी रेंट की गाज

## एक रुपए प्रति वर्ग फुट बढ़ा रेंट, एक नवंबर से देनी होगी बढ़ी हुई राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में थर्ड पार्टी के आवासधारियों को अब फिर से रेंट की गाज गिरी है। आवासधारियों को इस माह अब अधिक रेंट राशि भुगतान करना होगा। प्रबंधन द्वारा एक रुपए प्रति वर्गफीट किराया वृद्धि कर दी गई है। इससे सैकड़ों आवासधारी प्रभावित होंगे। टाउनशिप में करीबन 32 सौ आवासों को थर्ड पार्टी को आवंटित किया गया है।

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में सरप्लस बीएसपी क्वार्टरों को राज्य शासन और निजी संस्थानों के कर्मियों अधिकारियों और संगठनो के साथ कई जरुरतमंद आवासहीनों बतौर थर्ड पार्टी आवंटित किया गया है। आवासधारियों से दो से पांच लाख सुरक्षा निधि के साथ प्रति माह क्वार्टर का प्रति वर्ग फीट किराया राशि देय होता है। यूनियनों के मुताबिक नवंबर माह से सीधे 1 रुपए रेंट बढ़ा दिया गया है। बिजली व पानी का बिल अलग से देय होता है। आवासधारियों के माहांत के बिल में रेंट राशि बढ़कर आई है। गौरतलब हो कि पिछले मात्र करीबन पांत सात साल के दौरान ही प्रबंधन द्वारा दस मर्तबा यह राशि बढ़ाई जा चुकी है। सबसे पहले थर्ड पार्टी आवास का 1 रुपए प्रति वर्ग फुट रेंट था। इसके बाद 1.30 पैसे फिर 2 बाद 3 रुपए किया। फिर कुछ ही समय बाद सीधे डबल यानी 7 रुपए प्रति वर्ग फुट निर्धारित कर दिया गया। और अब 1 रुपए और यानी 1 नवंबर से किराया 8 रुपए प्रति स्कवेयर फीट कर दिया गया है।



### बीएसपी को दोहरा लाभ

टाउनशिप में वर्षों पुराने छोटे आवासों को थर्ड पार्टी को आवंटित किया गया है। कुल 32 सौ बीएसपी क्वार्टर थर्ड पार्टी को आवंटित किए गए हैं। इनमें अधिकतर एनक्यू-थ्री व एनक्यू फोर और इसके आसपास की श्रेणी के हैं। टाउनशिप के यह आवास पचास साठ साल पुराने हो चुके हैं, जिस कारण जर्जर स्थिति मे हैं। इन मकानों को थर्ड पार्टी को देने से बीएसपी को दोहरा लाभ हो रहा है। एक तो बीएसपी को सीधे बतौर किराया व लाखों सुरक्षा निधि रेवेन्यू मिल रहा है वहीं दूसरी ओर ऐसे पुराने मकानों का नियमित मेंटेनेंस यानी रखरखाव भी नहीं करना पड़ रहा है। साथ ही कब्जे में नहीं जाने से अराजकता से भी निजात मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### विश्व फाऊंटेन पेन दिवस आज

**भिलाई।** विश्व फाऊंटेन पेन दिवस का कार्यक्रम सेक्टर 6 स्थित जलकंठेश्वर मंदिर साईबाबा मंदिर के पास आयोजित है। 7 नवम्बर शुक्रवार की शाम 5 से 8 बजे से होगा। कार्यक्रम प्राचीन कलम दवात व फाऊंटेन की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी एलसी कश्यप ने दी है।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत जांच की मांग

**भिलाई।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत मामले को लेकर परिजनों ने थाना प्रभारी को लिखित में शिकायत किया है। कोहका पुरानी बस्ती निवासी सुबीर नंदी ने बताया कि ईशा पाल का विवाह वर्ष 2021 में विवेकानंद नगर कैम्प 2 निवासी संजय पाल के साथ हुआ था। आरोप है कि पति संजय, सासपुतुल पाल, ससुर दुलाल, ननंद ममता द्वारा बेटी ईशा को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। बेटी ईशा को दबाव डालकर दो लाख रुपए का डिमांड ससुराल वाले कर रहे थे। रुपए नहीं देने पर बेटी को घर से बाहर निकाल दिया था। बेटी जब मायके में आ गई तो दमाद संजय उसे समझा बुझाकर ससुराल लेकर आ गया।ईशा के डिलवरी के 11 दिन बाद संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। जिसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### एमआरडी ने एलडी स्लैग प्रेषण में बनाया रिकॉर्ड

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल रिकवरी विभाग ने अक्टूबर माह में 55,910.11 टन एल.डी. स्लैग का प्रेषण कर नया सर्वकालिक रिकॉर्ड स्थापित किया है। जो सितंबर 2025 में दर्ज 51,036.05 टन के पिछले सर्वोच्च रिकॉर्ड से अधिक है। प्रबंधन ने कहा यह टीम वर्क का परिणाम है। टीमवर्क का परिणाम है। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि मटेरियल रिकवरी विभाग, सेवाएँ तथा संबद्ध विभागों के सहयोगात्मक कार्यप्रणाली का परिणाम है और साझा उद्देश्य के प्रति समर्पण की मिसाल है। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषारकांत ने कहा कि सभी इकाइयों के बीच समुचित तालमेल और सामूहिक प्रयासों से ही यह रिकॉर्ड संभव हुआ है। सीजीएम सुशील कुमार ने भी सराहना की।

### भिलाई इस्पात संयंत्र में 'फायर सेफ्टी क्वेस्ट

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केंद्र के सभागार में फायर सेफ्टी क्वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संयंत्र के विभिन्न विभागों के 175 गैर कार्यपालक कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी ने कर्मचारियों के ज्ञान में वृद्धि के साथ अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को भी प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता 50 प्रश्नों पर आधारित थी। इनमें संयंत्र की अग्नि सुरक्षा, गैस सुरक्षा, बहुमंजिली इमारतों से संबंधित जोखिमों के साथ प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों की पहचान तथा उनके सही उपयोग की विधि से जुड़े विषय शामिल थे। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार (सेलम किचन वेयर) से पुरस्कृत किया जाएगा।

### मैत्रीबाग के बाद अब जेएलएन अस्पताल पर कसा शिकंजा

# धीरे-धीरे किस्तों में हो रहा बीएसपी का निजीकरण, विरोध में यूनियनें एकजुट

## कई अनुभागों व कार्यों का हो चुका है ठेकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

किस्तों में निजीकरण की ओर बढ़ रहा है। संयंत्र के साथ नान वर्क्स एरिया में भी कुछ विभागों में आउटसोर्सिंग बढ़ रही है। इससे कार्मिकों को अपना भविष्य अधर में नजर आ रहा है। इसके साथ ही कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। इसके खिलाफ यूनियनों ने एकजुटता बढ़ाते हुए निजीकरण पर रोक नहीं लगने से प्रबंधन व सरकार को विरोध तेज किए जाने की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों से सेल में भर्तियों पर रोक लगने के साथ तेजी से मेन पावर कम हो रहा है। इसका दुष्परिणाम सार्वजनिक उपक्रमों पर सरकार का निजीकरण का शिकंजा सकता जा रहा है। यूनियनों के मुताबिक एक ओर तो बीएसपी का एक्सपांशन किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर इस संयंत्र व अन्य सर्विसेस को निजी हाथों में दिया जा रहा है। बीएसपी व टाउनशिप के कई विभागों व अनुभागों को आउटसोर्स के हवाले किया जा रहा है। इसके तहत अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के सेक्टर नौ हास्पिटल और सेक्टर व अस्पताल के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इसके पूर्व मैत्रीबाग के कुछ अनुभागों को भी आउटसोर्स पर दिया जा चुका है। टाउनशिप में सफाई व्यवस्था क्लीनिंग, बिजली विभाग की मीटर रीडिंग, शिक्षा विभाग के स्कूलों में संविदा शिक्षक,जेएलएन अस्पताल में आधा दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सक,ओपीडी में अटेंडेंट्स आदि आउटसोर्स पर हैं। इसका यूनियनों व विभिन्न संगठनों द्वारा पुरोजर विरोध किया जा रहा है। पूर्व में वर्क्स और नान वर्क्स एरिया में दर्जनभर अनुभागों व का ठेकाकरण किया जा चुका है।



### बीएसपी में मेंटेनेंस व लोको भी आउटसोर्स पर

भिलाई इस्पात संयंत्र में भी कई अनुभागों व कार्यों का ठेकाकरण किया जा चुका है। करीबन 80 ठेका लोको पायलट हैं। यह काम पिछले दस साल से निजी एजेंसी देख रही है। इसके अलावा कई मिलों व शाप्स आदि में मशीनों का मेंटेनेंस वर्क भी ठेका एजेंसियों के हवाले हैं। यूनियनों के मुताबिक इनमें कई लोकल और कुछ अन्य प्रदेशों व विदेश की हैं। एटक के महासचिव वीक सोनी बताते हैं कि केंद्र सरकार रोजगार और देश के विकास में साठ साल तक अहम योगदान देने वाले पीएसयू सहित कई उपक्रमों का निजीकरण कर रही है। इसका सीधा नुकसान वर्कर्स और देश को हो रहा है।

### निजीकरण के खिलाफ दो बार देशव्यापी बंद

देश के सार्वजनिक क्षेत्र के व केंद्रीय उपक्रमों के सरकार की निजीकरण व विनिवेशीकरण नीति का यूनियनों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। सीटू के महासचिव जेपी त्रिवेदी बताते हैं कि पिछले तीन साल में दो बार भारत बंद सहित कई बार धरना प्रदर्शन हो चुका है। भिलाई में इसके पूर्व फेरोस्क्रेप निगम लिमिटेड एफएसएनएल को सरकार निजी हाथों में दे चुकी है। बीएसपी में कई कामों के आउटसोर्स के बाद जेएलएन हास्पिटल भी निजी हाथों में देने की तैयारी सरकार व प्रबंधन कर रही है। सीटू इसका पुरजोर विरोध करकर रही है।

# आईजी ने 320 प्रकरणों को लेकर समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दोष मुक्त प्रकरणों का आईजी राम गोपाल गर्ग ने समीक्षा किया है। इस दौरान सभागार कक्ष में रेंज स्तरीय दोष मुक्ति प्रकरणों को लेकर गंभीरता दिखाई दिएष। कुल 320 से अधिक प्रकरणों की क्रमवार समीक्षा की गई। जिसमें दुर्ग के 181, बालोद 102, बेमेतरा 44 प्रकरण शामिल थे।

- आदतन अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई
- जमानत निरस्त कराने के दिए निर्देश भी

बैठक में महिला से जुड़े अपराध, पॉक्सो एक्ट, हत्या, हत्या के प्रयास प्रकरण, एनडीपीएस एक्ट, चिटफंड प्रकरणों में दोषमुक्ति के कारणों की गहन समीक्षा की गई। आईजी द्वारा दोषसिद्ध की दर बढ़ाने, विवेचना की गुणवत्ता सुधारने, अभियोजन के साथ समन्वय बढ़ाने को कहा है। आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधी, जो बार-बार अपराध कर समाज में भय का वातावरण बनाते हैं। उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। जो आदतन अपराधी जमानत पर रिहा है और वे पुनः अपराध कर रहे हैं।

अपराधों की जमानत निरस्त कराए जाने के लिए न्यायालय में पहल की जाए। ऐसे अपराधियों की निगरानी को और सशक्त बनाते हुए पुलिस को नियमित रूप से रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। बैठक में संयुक्त संचालक अभियोजन दुर्ग एस.एस. ध्रुव, उप संचालक भीम सिंह राजपूत, उप संचालक बालोद अनुरेखा सिंह, उप संचालक बेमेतरा अर्पणा अग्रवाल, एएसपी बेमेतरा ज्योति सिंह, एएसपी बालोद मोनिका ठाकुर, डीएसपी बैजन्ती माला तिग्गा, डीएसपी दुर्ग भारती मरकाम, उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, सहायक उप निरीक्षक हेमंत त्रिपाठी, डाटा एंट्री ऑपरेटर तेजस्वी गौतम, पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला मौजूद थे।

## बच्ची के सामने जानलेवा स्टंट, बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने भिलाई के सेक्टर क्षेत्रों में बिना नंबर प्लेट की हाई स्पीड और स्टंटबाजी करने वाली गाड़ियों पर पुलिस की निष्क्रियता को लेकर दुर्ग कलेक्टर से ऑनलाइन शिकायत की है।

- आप नेता जसप्रीत सिंह ने कलेक्टर से की शिकायत

उन्होंने सवाल उठाया कि जब शहर में जगह-जगह कैमरे लगे हैं और बिना हेलमेट वालों पर चालान हो रहे हैं, तो सड़क पर जानलेवा स्टंट करने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रहे। जसप्रीत सिंह ने बताया कि यह शिकायत तब करनी पड़ी जब वे अपनी बच्ची को स्कूल से लेकर लौट रहे थे। रास्ते में 14 से 15 साल के कुछ नाबालिग लड़के बिना नंबर प्लेट की बाइक पर खतरनाक स्टंट कर रहे थे। उन्होंने तत्काल पुलिस आपातकालीन सेवा 112 और ट्रैफिक कंट्रोल रूम को सूचना दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

जसप्रीत सिंह ने कहा कि सेक्टर 1 से 10 तक कैमरे लगे हैं और ट्रैफिक प्रशासन का दावा है कि चालान घर भेजे जा रहे हैं, फिर भी बिना नंबर प्लेट की गाड़ियां खुलेआम घूम रही हैं।

जसप्रीत सिंह ने मांग की है कि कैमरे से फुटेज देखकर ऐसे चालकों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो। शिकायत में उन्होंने खुर्सीपार कैनाल रोड पर रात के समय अवैध रूप से खड़ी हैवी गाड़ियों का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि इस बारे में कई बार ट्रैफिक डीएसपी को सूचना देने के बाद भी सिर्फ "पेट्रोलिंग जारी है" कहकर मामला टाल दिया गया। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि वे इस शिकायत का संज्ञान लें और ट्रैफिक विभाग को सख्त निर्देश जारी करें ताकि भिलाई की सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## टैक्स जमा नहीं, बकायादारों के नल कनेक्शन काटे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव के नेतृत्व में राजस्व अमला ने जल कर एवं संपत्ति कर बकायादारों पर सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार को नल काटने की कार्रवाई की। निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न वार्डों में अभियान चलाकर एक बड़े बकायादार का नल कनेक्शन काटा गया। 60294 रुपए बकाया होने के कारण नीलिमा मसीह का कनेक्शन काटा गया। बकाया राशि होने के कारण यह कार्रवाई की गई। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से टैक्स जमा नहीं किया है, उनके विरुद्ध नल कनेक्शन काटने सहित वसूली की कठोर कार्रवाई की जाए। नल कनेक्शन कटने के डर से 5 करदाताओं रफीक खान 9314, तबरेज खान 50779, जलील अहमद 26363, कल्पना प्रसाद 28227, 30229 रुपए का टैक्स जमा लिया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव, राजस्व उप निरीक्षक संजय मिश्रा, सहायक राजस्व निरीक्षक लक्ष्य गोईर, पवन नायक, तिलक नवरंग, नितिन श्रीवास, शिवेंद्र साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# सड़क से अतिक्रमण हटाने ट्रैफिक पुलिस ने ननि के साथ चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑपरेशन सुरक्षा के तहत ट्रैफिक पुलिस पुलिस व नगर निगम भिलाई द्वारा संयुक्त रूप से शीतला मार्केट, पावर हाउस क्षेत्र में सड़क किनारे लगे अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की गई। सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से लगाए गए ठेले, दुकाने और सामान बाजार में आने-जाने वाले नागरिकों के लिए अवरोधक बन रहे थे। सड़क की चौड़ाई कम होने से ट्रैफिक प्रवाह प्रभावित हो रहा था। मानसून समाप्त के बाद शहर के विभिन्न मार्गों के किनारे झाड़ियों के अत्यधिक बढ़ जाने से सड़क में आने जाने वालों को दिक्कत हो रहा था। समाधान के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नगर निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बी.एस.पी. प्रबंधन के समन्वय से झाड़ियों की कटाई की गई। सड़क किनारे सफाई अभियान शुरु किया गया। जिलेभर में ग्रे स्पॉट एवं ब्लैक स्पॉट जो दुर्घटना संभावित क्षेत्र हैं। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष निगरानी, सघन चालानी कार्रवाई की गई। सीसीटीवी एवं मोबाइल पेट्रोलिंग के माध्यम से नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों, नशे में वाहन चलाने वालों, ट्रिपल सीट, रैश ड्राइविंग, नो पार्किंग जैसे उल्लंघनों पर कड़ी चालानी कार्रवाई की जा रही है। जिलेभर में 353 चालानी कार्रवाई अब तक हो चुकी है। कुल 1.35 लाख रुपए का जुर्माना ट्रैफिक पुलिस ने वसूल किया है।



### अब तक हुई कार्रवाई

| | |
|---|---|
| बिना हेलमेट | 120 |
| रैश ड्राइविंग | 20 |
| ड्रिंक एंड ड्राइव चालान | 15 |
| ट्रिपल सीट | 35 |
| नो पार्किंग | 25 |

# पेंशन का सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण कराये : आयुक्त पांडेय

**भिलाई।** केन्द्र सरकार की पेंशन योजना से लाभान्वित हितग्राहियो का सत्यापन कार्य नहीं होने पर हितग्राहियो के खाते में पेंशन राशि हस्तानांतरण का कार्य नहीं होगा। जिससे पेंशन के लाभ से हितग्राही वंचित हो सकते है।

- लाभार्थी सत्यापन ऐप से सत्यापन करवाना अनिवार्य हुआ

निगम ने सभी हितग्राहियो से प्रत्यक्ष सत्यापन के लिए समीप के निगम जोन कार्यालय व मुख्य कार्यालय में उपस्थित होकर सत्यापन कार्य शीध्र पूर्ण करने को कहा है। केन्द्र आधारित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्वावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन हेतु लाभार्थी सत्यापन एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन किया जा रहा है। जिस हेतु लाभ ले रहे द्वारा हितग्राहियों को मोबाईल एप में सत्यापन करवाना अनिवार्य है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इसे विशेष रूचि का विषय बताते हुए सत्यापन का कार्य शीध्र पूर्ण करने को कहा है। उक्त कार्य में लापरवाही एवं कोताही बर्दास्त नहीं की जावेगी। लाभार्थीयों का सत्यापन करने पश्चात प्रतिदिन का फीडबैक उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग को भेजा जाएगा। नगर निगम भिलाई अपील करती है कि क्षेत्र के सभी पेंशन हितग्राही 15 दिवस के भीतर निगम मुख्य कार्यालय पेंशन शाखा भेजा जाएगा, जिसकी मानिटरिंग कलेक्टर द्वारा की जा रही है।

## संगठन को मजबूत करने 5 प्रमुख और दो प्रभारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पूज्य युवा सिंधी समाज की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में संस्कृति की रक्षा के लिए नई कार्ययोजना तय की गई। बैठक में उपस्थित सभी युवाओं ने पूरी निष्ठा और जोश के साथ सर्वसम्मति से समाज की नई संरचना पर सहमति जताई तथा संगठन को सशक्त और संगठित करने हेतु 5 प्रमुख और 2 प्रभारी की नियुक्ति की गई। प्रमुख के रूप में रवि केवलतानी, मुकेश केशवानी, मुकेश माखीजा, मनीष मंघनानी, सागर अठवानी नियुक्त किए गए। प्रभारी के रूप में महामंत्री वरुण केवलतानी, मीडिया प्रभारी रौनक जुमनानी को बनाया गया। इन नामों की घोषणा होते ही उपस्थित युवाओं में अत्यंत उत्साह और जोश देखने को मिला। सभी ने ज़ोरदार तालियों और जय झूलेलाल के नारों के साथ नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पूज्य युवा सिंधी समाज आगे आने वाले समय में समाज की एकता, मर्यादा और संस्कृति की रक्षा हेतु कई सामाजिक, सांस्कृतिक और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करेगा। युवाओं ने यह संकल्प लिया कि वे मिलजुलकर सिंधी समाज के गौरव और सम्मान के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।






03



डाइट प्लान अपना कर इन ट्रिक्स से कम करें वजन

**लाइव इवेंट**

## रिखी को उपराष्ट्रपति के हाथों मिला राज्य अलंकरण, बोले-कला का हुआ सम्मान



**भिलाई।** प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक और लोक कलाकार रिखी क्षत्रिय को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर दाऊ मंदराजी राज्य अलंकरण से उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन व अन्य विभूतियों ने राजधानी रायपुर में सम्मानित किया। सम्मान पाने पर रिखी क्षत्रिय का कहना है कि विगत 5 दशक से लगातार किए जा रहे उनके काम का यह उचित मूल्यांकन है और यह सम्मान उनकी कला को मिला है।

भिलाई स्टील प्लांट से रिटायर कर्मी और प्रख्यात लोक कलाकार रिखी क्षत्रिय विगत 5 दशक से आदिवासी और दूरदराज के अंचल में घूम-घूम कर दुर्लभ लोकवाद्यों का संग्रह कर रहे हैं। वहीं उन्होंने छत्तीसगढ़ के 52 लोक नृत्यों का संवर्धन भी किया है। इनमें से ज्यादातर लोक नृत्य लुप्तप्राय थे। उन्होंने मरोदा सेक्टर में लोक वाद्य संग्रहालय की स्थापना भी की है, जहां उनके संग्रहित दुर्लभ लोकवाद्य देखे जा सकते हैं। रिखी के इस संग्रह की प्रदर्शनी छत्तीसगढ़ और देश के विभिन्न हिस्सों में लगाई जा चुकी है, जिसमें देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और कई गणमान्य विशिष्टजन उनके दुर्लभ लोकवाद्यों को देख चुके हैं। इसके अलावा रिखी क्षत्रिय सन 2000 से 2024 के बीच में अब तक 10 बार गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय समारोह में नई दिल्ली कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ की झांकी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। हाल ही में रिखी क्षत्रिय ने गुजरात में राष्ट्रीय एकता दिवस पर भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था।


तमाम उपलब्धियों के साथ रिखी क्षत्रिय को राज्य अलंकरण से विभूषित किया गया है। राजधानी से सम्मान लेकर लौटने के बाद रिखी क्षत्रिय ने समस्त छत्तीसगढ़ का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सिर्फ उनका नहीं बल्कि उनके साथ जुड़े सभी कलाकारों का है। रिखी क्षत्रिय ने कहा कि राज्य स्तरीय सम्मान से उन्हें भविष्य में लोककला के क्षेत्र में और भी बेहतर योगदान देने प्रोत्साहन मिला है। समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

● श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय हैकोमेनिया 25 का आयोजन

# मेहनत और परिश्रम से हमें अपनी लकीर लंबी करनी है, न कि दूसरे की लकीर छोटी करने में परिश्रम करना है, सफलता कदम चूमेगी



**भिलाई। दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता हैकोमेनिया 2025 का आयोजन श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया। आई आई टी भिलाई के इनोवेशन एंड टेक्नोलाजी फाउंडेशन और विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में देश एवं प्रदेश की 45 टीमें शामिल हुई। राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता का फोकस सुरक्षित डिजिटल भविष्य के लिए मजबूत साइबर सुरक्षा विकसित करने और ए आई आधारित समाधान, स्मार्ट हेल्थ केयर, फिटनेस, एग्रीकल्चर फील्ड आदि में अपना अभिनव प्रोजेक्ट पर प्रेजेंटेशन देकर स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।**



### अच्छे स्टार्टअप के लिए बेहतर अवसर, विजेताओं को पचास हजार की नगद राशि से किया प्रोत्साहित



इस अवसर पर राष्ट्र स्तरीय प्रोफेसर और निर्णायक मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विजेताओं को पचास हजार की नगद राशि से प्रोत्साहित भी किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक अच्छा अवसर है जब आपको अपना हुनर दिखाने का मौका मिल रहा है। अच्छे स्टार्टअप के लिए अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य नौकरी पाना नहीं बल्कि देना होना चाहिए। आप जब ऐसा करते हैं तो हम रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत और परिश्रम से हमें अपनी लकीर लंबी करनी है न कि दूसरे की लकीर छोटी करने में परिश्रम करना है क्योंकि विकसित भारत के हर क्षेत्र मे युवा वर्ग की महती भूमिका है। श्री गंगाजली शिक्षण समिति की अध्यक्ष डॉ जया मिश्रा ने भी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय को 5 वर्ष हुए है और इस आयोजन में देश और प्रदेश की नामी शिक्षण संस्थाओं ने सहभागिता दिखाई है जो सफलता का प्रमाण है। उन्होंने इस स्पर्धा में प्राप्त नए अन्वेषण के लिए प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि उनका यह प्रयास जरूर सफल होगा।

### फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस एसएसटीसी भिलाई में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित एआईसीटीई-एटीएएल प्रायोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत हो चुकी है। इमर्जिंग करियर इन एआई और एमएल नेक्स्ट जेनरेशन इंजीनियरिंग एप्लीकेशन विषय पर आधारित यह कार्यक्रम 9 नवंबर 2025 तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। इस ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में देश और विदेश से 200 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए हैं।

इस सत्र का उद्देश्य शिक्षकों, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के नवीनतम ट्रेंड्स से जोड़ना है। इसमें डीप लर्निंग, कंप्यूटर विजन, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और जेनरेटिव एआई जैसे विषयों पर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। कार्यक्रम में आईआईटी कोट्टायम, एनआईटी राउरकेला, महाराष्ट्र और न्यूयॉर्क से आए ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ भी वक्ता के रूप में शामिल हैं। संस्थान के चेयरमैन एवं मुख्य संरक्षक आईपी मिश्रा ने कहा कि यह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। संरक्षक डॉ. जया मिश्रा प्रेसिडेंट एसजीईएस और रूद्रांश मिश्रा सीईओ इंफ्रास्ट्रक्चर, प्लानिंग एवं डेवलपमेंट एसएसटीसी ने भी कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बधाई दी। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. पीबी देशमुख ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षकों के शिक्षण और शोध कार्य में नई दिशा प्रदान करेगा। प्रोग्राम की कोऑर्डिनेटर डॉ. शिम्पी रल्हान एचओडी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग और सह-कोऑर्डिनेटर डॉ. अजय कुमार वर्मा एचओडी मैकेनिकल इंजीनियरिंग ने भी संबोधित किया।

**सिटी इवेंट**

## अखंड हरि कीर्तन के नाम जप से गूंजा मंदिर, भक्तों ने महाभोग किया ग्रहण



**भिलाई।** उत्कल सांस्कृतिक परिषद जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में श्री हरि कीर्तन नाम यज्ञ का आयोजन किया गया।दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाल कर की गई। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 7 बजे पंडित तुषार महापात्र द्वारा यज्ञ बिना रुके 12 घंटे यज्ञ व अनुष्ठान किये गए। जिसमें यजमान ज्योति रंजन साहू पत्नी जूली रानी साहू ने पूरे रिति और संस्कारों के साथ पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद अखंड हरी नाम संकीर्तन की शुरुआत हुई। शाम को मंदिर प्रांगण में 1100 दिये

■ उत्कल सांस्कृतिक परिषद जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6



जलाकर दीपदान किया गया। साढ़े 6 बजे महाप्रभु जगन्नाथ की महाआरती की गई। रात 10 बजे हरि कीर्तन नाम यज्ञ का समापन दही मटकी फोड़ कर किया गया।भक्तों ने महा प्रसाद ग्रहण किया।

हरी नाम जप से गूंजा मंदिरः-श्री जगन्नाथ मंदिर के सदस्यों के साथ ही विभिन्न कीर्तन दलों एवं भक्त जनों ने नाम जप प्रारंभ किया। संपूर्ण मंदिर परिसर हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम,हरे राम, राम राम हरे हरे की गूंज से भक्तिमय हो गया। नाचते गाते भक्त जनों ने ढोल मंजीरों के साथ हरि नाम लेते हुए परिक्रमा करते रहे। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 के परिसर में महाभोग वितरण का आयोजन किया गया। देर शाम तक चले इस महा भंडारा में लगभग 4 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस आयोजन में दिलीप मोहंती अध्यक्ष, अरुण पंडा, रविंद्र साहू, शरद विशाल, सन्यास साहू, रविंद्र मुनि, हरिश्चंद्र रावत, प्रशांत सामल, निलमणी नायक, जित्तू भुइंया, संजीव भुइंया, सुभाष साहू , संजय साहू , गजेंद्र पंडा, राजेंद्र पंडा, संतोष महाराणा और रसोया हरि मोहन की टीम का सहयोग रहा।



## महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आज से, 11 स्पर्धाओं में 35 तक की महिलाएं लेंगी भाग

**दुर्ग।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 10 नवंबर तक किया जा रहा है।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग से जानकारी के अनुसार विकासखण्ड स्तरीय दुर्ग, पाटन एवं धमधा में होने वाले महिला खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत एथलेटिक्स 100 मीटर, 400 मीटर दौड़ एवं तवा फेक, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन सिंगल एवं डबल, व्हॉलीबाल, कुश्ती 50 किलो एवं 53 किलो, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग 40 किलो एवं 45 किलो, एवं रस्साकसी सहित अन्य खेलों की स्पर्धाएं होगी। महिला खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत दो आयुवर्ग 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष तक महिला खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता होगी। इच्छुक अभ्यर्थी पंजीयन के लिए अपना आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र लेकर प्रतियोगिता स्थल में पहुंचेंगे। 18 से 35 आयुवर्ग के लिए वर्ष 1990 से 2007 तक और 9 से 18 आयुवर्ग के लिए वर्ष 2008 से 2016 तक भाग लेंगे। जिले के विकासखंड दुर्ग, पाटन एवं धमधा में विकासखंड स्तर पर तथा पाटन व सेलूद में जिला स्तरीय आयोजन 8 बजे होगा। प्रत्येक स्थल के लिए स्पर्धा प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। 7 नवंबर को विकासखंड दुर्ग के शा.उ.मा.वि. कोडिया के आयोजन के लिए अशोक रिंगरी स्पर्धा प्रभारी होंगे। 8 नवंबर को सेजस सेलूद विकासखंड पाटन और कॉलेज मैदान सिरना भाठा विकासखंड धमधा के आयोजन के लिए पोखरन लाल साहू और कौशलेंद्र पटेल स्पर्धा प्रभारी होंगे। 10 को ज़िला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सेजेस सेलूद पाटन में किया जाएगा।

विकास खण्ड स्तर पर खेलों का आयोजन कराया जाना है। जिसमें दो आयुवर्ग से प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगें। प्रतिभागी अपने विकासखण्ड पर ही एक खिलाड़ी एक ही खेल में भाग लेंगें और निर्धारित समय में पहले पहुंच कर अपना जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड लेकर निर्धारित प्रपत्र को साफ-सुथरे स्पष्ट भर कर संबंधित विकासखण्ड आयोजन प्रभारी के पास जमा करेंगे। अधिक जानकारी के लिए अपने विकासखण्ड नोडल अधिकारी एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रविशंकर स्टेडियमय दुर्ग स्थित कार्यालय मे संपर्क कर सकते है।



■ खो-खो, हॉकी, दौड़, बैडमिंटन सहित अन्य प्रतियोगिता का होगा आयोजन

## स्वास्थ्य अमले ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन



**भिलाई।** राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में स्वास्थ्य अमले को राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने शपथ दिलाई।

शपथ के दौरान सभी ने एक स्वर में कहा कि राष्ट्र की अखंडता, संप्रभुता और एकता के प्रति हमेशा अपने कर्तव्यों को पूरा करते हुए सभी लोगों धर्मों, जातियों व समुदाय के बीच एकता का प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे। राष्ट्र की उन्नति प्रगति और विकास में अपना योगदान देंगे। सरदार वल्लभभाई पटेल के यूनिटी फॉर नेशन को सच्चे अर्थों को हर व्यक्ति पूरा-पूरा निर्वहन करेंगे जिससे प्रत्येक व्यक्ति में देश के प्रति सच्चा स्नेह प्रेम और आस्था विकसित करेंगे।

कार्यक्रम में स्टाफ नर्स सविता सोंधिया, आकांक्षा पोलेश, पुष्पा साहू, फार्मासिस्ट स्मिता बागड़े तृप्ति चंद्राकर लैब टेक्नीशियन आलिया खातून, भास्कर कोटराने, मेनका और चम्पाकली सोनी सहित सभी हितग्राही उपस्थित थे।

**स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में हुआ आयोजन**

# वर्तमान में कमजोर होते रिश्तों को जोड़ने पर दिया बल, 'ग्रोइंग ग्रेसफुली ए टॉक का फिजिकल एंड मेंटली फॉर गर्ल्स' किया समस्याओं का निदान

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय धनोरा में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ समिति द्वारा महिला स्वास्थ्य पर ग्रोइंग ग्रेसफुली ए टॉक का फिजिकल एंड मेंटली फॉर गर्ल्स विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञ डाक्टर वक्ताओं ने वर्तमान में कमजोर होते रिश्तों को जोड़ने पर बल देते हुए महिलाओं को ही एक दूसरे की प्रेरणा बनने की बातें कही। साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व एवं समस्याओं के निदान, सर्वाइकल कैंसर और उसके वैक्सीन सहित विभिन्न मुद्दों पर पर भी खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में गायनोकोलॉजिस्ट डॉक्टर मानसी गुलाटी, डॉक्टर ॠचा अग्रवाल, डॉ सविता सिंग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ए ए खान ने की।



### वक्ताओं ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

डॉक्टर मानसी गुलाटी ने वर्तमान में कमजोर होते रिश्तों को जोड़ने पर बल देते हुए महिलाओं को ही एक दूसरे की प्रेरणा बनने की बातें कही। साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व एवं समस्याओं के निदान पर भी चर्चा की। डॉ ॠचा अग्रवाल ने सर्वाइकल कैंसर और वैक्सीन विषय पर अपना वक्तव्य रखा, जिसमें उन्होंने सर्वाइकल कैंसर से संबंधित पूरी जानकारी और उस खतरे से बचने के लिए वैक्सीन पर जोर दिया। उन्होंने सभी सभी बिंदुओं को विस्तार से समझाते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने को कहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन कर की गई। प्राचार्य डॉक्टर ए.ए खान द्वारा स्वागत भाषण में अतिथियों के स्वागत के साथ महिला स्वास्थ्य की आवश्यकता पर भी अपनी बात कही। महिला प्रकोष्ठ समिति की संयोजिका कल्पना पांडेय शुक्ला ने आयोजन से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए वर्तमान संदर्भ में स्वास्थ्य के प्रति महिलाओं की जागरुकता और इसकी आवश्यकता के महत्व को बताया।



### स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का किया निदान

कार्यक्रम की तीसरी वक्ता डॉक्टर सविता सिंग महिलाओं पर होने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर अत्यंत रोचक ढंग से छात्राओं से चर्चा की। उन्होंने आसान शब्दों और सरल ढंग से छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। सभी अतिथि वक्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं एवं महिला प्राध्यापकों द्वारा पूछे गए स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के उत्तर भी दिए। आयोजन के दौरान सभी डॉक्टर वक्ताओं ने महाविद्यालय में महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित अन्य जानकारियां आगे होने वाली कार्यशाला में देने की बाते कही।कार्यक्रम के आयोजन में महिला प्रकोष्ठ समिति के सभी महिला प्राध्यापकों में डॉ हेमा कुलकर्णी, श्वेता साव, छाया साहू, शाहिस्ता, डॉ स्वाति तिवारी, रितिका अवस्थी और दीपेश्वरी, छाया साहू सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

**सिटी इवेंट**

## प्रकाश पर्व पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में की गई जांच



**भिलाई।** सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु नानक देव महाराज के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर के विभिन्न गुरुद्वारों में हर्षोल्लास के साथ गुरु पर्व मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी इंद्रजीत सिंग द्वारा नेहरू नगर गुरुद्वारा, सेक्टर-6 गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, बेबे नानकी गुरुद्वारा खुर्सीपार एवं हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा में माथा टेक कर सभी नगरवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं तरक्की के लिए अरदास की गई। प्रत्येक गुरुद्वारे में पाठ, कीर्तन, पुष्प वर्षा, रहिरास साहिब का पाठ, अरदास एवं लंगर सेवा का आयोजन हुआ। इस दौरान उन्होंने पंथ के महान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक बाबा बंता सिंह से आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज भी मानवता को प्रेम, समानता और सेवा के मार्ग पर अग्रसर करती हैं। इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए बीरा सिंह मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल द्वारा इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य परामर्श एवं सेवाएं प्रदान की गईं।

■ अरदास और लंगर सेवा भी



**सिटी लाइव**

## मूर्तिकार पद्मश्री जेएम नेल्सन का किया गया सम्मान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के 25वें राज्योत्सव रजत जयंती स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित नवा विधानसभा में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई। इस प्रतिमा को पद्मश्री सम्मानित मूर्तिकार जे.एम. नेल्सन ने बनाया है। इसका लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 नवंबर को किया। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम और प्रतिमा स्थापना की खुशी में सेल भिलाई इस्पात संयंत्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, निःशक्त महिला एवं अन्य पिछड़ा वर्ग एसोसिएशन की ओर से नेल्सन कलागृह, सेक्टर-1 भिलाई में मूर्तिकार जेएम नेल्सन का सम्मान किया गया। आरडी कोरी ने बताया कि जेएम नेल्सन ने बचपन से ही मूर्तिकला सीखी और आज वे देश ही नहीं, विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। इस मौके पर एसोसिएशन के चेयरमैन आरडी कोरी, प्रशांत कुमार क्षीरसागर, बी कोरलैया, आरसी औसले, सतीश चंद्र सोनकर, हरीश कोसरे और अविनाश राणे सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। सभी ने गुलदस्ता, शाल और श्रीफल भेंटकर नेल्सन का सम्मान किया।

**समाज इवेंट**

## रश्मि बनी लिनेस क्लब दुर्ग सिटी की डीस्ट्रिक प्रेसिडेंट

**भिलाई।** समाजसेवा का मार्ग सीधा कभी नहीं होता। घर-परिवार की जिम्मेदारियों के बीच समाज के लिए समय निकालना, दूसरों के दुख को अपना समझकर दौड़ पड़ना और बिना किसी अपेक्षा के सेवा करना यह सब केवल वही कर सकता है जिसके मन में सच्ची करुणा, साहस और दृढ़ निष्ठा हो। सामाजिक क्षेत्र में सेवा कार्य को देखते हुए दुर्ग निवासी रश्मि अग्रवाल को वर्ष 2026 के लिए 'लिनेस क्लब ऑफ इंडिया दुर्ग सिटी' का डिस्ट्रीक प्रेसिडेंट घोषित किया गया है। पिछले 15 वर्षों से रश्मि अग्रवाल सामाजिक क्षेत्र में लगातार लायंस क्लब, लिनेस क्लब, बेटी बचाओ मंच, सुफल सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थाओं और विभिन्न मंचों से जुड़कर लगातार समाजसेवा को अपना जीवन बना चुकी हैं। उन्होंने घर के दायित्वों को निभाते हुए भी स्वयं को समाजहित में पूर्ण रूप से समर्पित कर दिया। इसी समर्पण और अथक सामाजिक योगदान को देखते हुए रश्मि अग्रवाल को वर्ष 2026 के लिए 'लिनेस क्लब ऑफ इंडिया दुर्ग सिटी' का डिस्ट्रीक प्रेसिडेंट घोषित किया गया है। यह पद मिलने पर रश्मि ने कहा कि यह सम्मान केवल एक पद नहीं, बल्कि वर्षों की निरंतर सेवा, चुनौतियों से संघर्ष, धैर्य और मानवीय संवेदनाओं का उज्ज्वल परिणाम है और इन्हीं चुनौतियों के बीच उन्होंने संकल्प लिया कि जहां सेवा होगी, वहीं मेरा जीवन होगा। बीते कई वर्षों में उन्होंने बेटियों के हक़, महिलाओं की शिक्षा, वंचितों की सहायता, वृद्धों की सेवा और समाज सुधार की दिशा में कई कार्य कर समाज में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है।



■ रश्मि अग्रवाल समाजसेवा की मिसाल, 2026 के लिए जिला अध्यक्ष घोषित

● नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जवाहर नगर में विशेष आयोजन, भक्तों ने सैकड़ों दीप जलाकर की पूजा

# बैकुंठ चतुर्दशी पर हुआ हरि और हर का मिलन, भगवान को चढ़े बेलपत्र तो शिव को तुलसी, देर रात भजन गाकर की आराधना

**दुर्ग।** जवाहर नगर स्थित नर्मदेश्वर महादेव बैकुंठ चतुर्दशी पर पहली बार विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में धार्मिक आयोजन किए गए। महिलाओं ने मंदिर में हरि और हर का मिलन कराया। हर भगवान शिव और भगवान विष्णु का मिलन हुआ। साल में यह एक मात्र दिन होता है जब हरि और हर का मिलना होता है। इस दिन को खास बनाने के लिए मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। देर रात तक भगवान की भक्ति में गीत गाए गए। मंदिर में विशेष रूप से सावित्री धुरंधर, रश्मि सिन्हा, भावना अग्रवाल ने भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। महिलाओं ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। रात करीब 12 बजे मिलन के समय पर जमकर आतिशबाजी हुई। सभी ने एक दूसरे को इस पावन अवसर की बधाई दी। सुबह के समय तालाब और नदी में पहुंचकर दीपदान किया। इससे पहले सैकड़ों की संख्या में दीप प्रज्वलित किए गए। इससे पूरा मंदिर परिसर जगमगा गया। कार्यक्रम में मीनाक्षी मेहता, नीलम, निधि अग्रवाल, अंजू पांडेय सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।





### विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना, अगले साल और भी भव्य आयोजन

सावित्री धुरंधर ने बताया कि यह त्योहार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन मुख्य रूप से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। यह हरि और हर का मिलन है। इससे पहले महिलाओं ने भगवान विष्णु और तुलसी जी की विशेष पूजा की। बैकुंठ चतुर्दशी एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो भगवान विष्णु के बैकुंठ धाम में प्रवेश के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। महिलाएं भजन-कीर्तन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इस दिन को मोक्ष द्वार के रूप में भी जाना जाता है। भगवान विष्णु के बैकुंठ धाम में प्रवेश के लिए यह दिन अत्यंत शुभ माना जाता है। देर शाम तक महिलाओं ने मंदिरों, और मिश्र तालाब पर दीपदान किया। उन्होंने मंदिर में परिक्रमा की और बैकुंठ चतुर्दशी की कथा सुनी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मंदिर में उपस्थित रहीं।



### पूजा और व्रत से होती है बैकुंठ की प्राप्ति

पंडितों की मानें तो बैकुंठ चतुर्दशी की मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव और भगवान विष्णु का मिलन होता है। इस दिन पूजा और व्रत करने से व्यक्ति को बैकुंठधाम की प्राप्ति होती है। यह भी माना जाता है कि चातुर्मास के दौरान जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में होते हैं, तब भगवान शिव सृष्टि का कार्यभार संभालते हैं। देव उठनी एकादशी के बाद, बैकुंठ चतुर्दशी पर भगवान शिव पुनः भगवान विष्णु को सृष्टि का कार्यभार सौंपते हैं। इसलिए यह दिन काफी विशेष माना गया है। यह साल में एक बार ही पड़ता है। इस बार इस दिन का विशेष मुहूर्त रहा। इस दिन भगवान शिव को तुलसी और भगवान विष्णु को बेलपत्री चढ़ाने से मनोकामना पूरी होती है।



**दीपावली मिलन समारोह**

## गौड़ ब्राह्मण समाज का दीपावली मिलन-अन्नकूट प्रसादी 9 नवंबर को



**भिलाई।** गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई द्वारा हाऊसिंग बोर्ड गुरुद्वारा में 9 नवम्बर की सुबह 10 बजे से दीपावली मिलन समारोह व अन्नकूट भोग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई के अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि गौड़ ब्राह्मण समाज के लोग अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दीपावली मिलन समारोह धूमधाम से मनाएंगे। उन्होंने बताया कि दिवाली मिलन समारोह के अंतर्गत चित्रकला, रंगोली और श्लोक पाठन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिताएं रविवार को सुबह 10 बजे हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा में आयोजित होंगी। श्लोक पाठन प्रतियोगिता में श्रीमद् भागवत, रामायण और सुंदरकांड से श्लोकों का पाठन शामिल रहेगा। इस उत्सव को मनाने के लिए समाज के प्रत्येक परिवार के सभी सदस्यों सहित इसमें सम्मिलित होंगे। विजय शर्मा ने अधिक से अधिक गौड़ ब्राह्मण समाजजनों से उपस्थित होने का आग्रह किया। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक श्यामसुन्दर शर्मा, अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष महेश वशिष्ठ, कोषाअध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, संतोष शर्मा, आकाश शर्मा, पवन शर्मा, मनोज जोशी, अजय शर्मा, मनीष शर्मा, राजेश शर्मा, आरजी शर्मा, मधुकांत शर्मा, भंवर लाल शर्मा, अमितेष पुरोहित मौजूद रहें।

**रामायण व भागवत के श्लोक का पठन**

**ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत**

## भिलाई विद्यालय में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर शुरू, 200 छात्र-छात्राएं ले रहे भाग



**भिलाई।** भिलाई विद्यालय में आज गुरुवार से तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर शुरू हो गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ भिलाई तथा बीएसपी के शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित शिविर में विभिन्न विद्यालयों की 12 पलाटूनों से 200 छात्र-छात्राएँ शामिल हुए। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि महाप्रबंधक व मुख्य जिला आयुक्त शिखा दुबे ने स्काउट-गाइड प्रार्थना के बाद गाइड मुखिया द्वारा ध्वजारोहण शिविर शुरू किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, टीम स्पिरिट और तत्परता को अपने जीवन का हिस्सा बनाना ही सच्ची स्काउटिंग की भावना है। उन्होंने प्रबंधन दल के प्रयासों और व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर जिला आयुक्त (गाइड) एवं प्राचार्य, बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 10 सुमिता सरकार, प्राचार्य, बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 7 रूबी बर्मन रॉय, जिला आयुक्त (स्काउट) और प्राचार्य, भिलाई विद्यालय के विजय सिंह पवार, जिला सचिव एवं वरिष्ठ व्याख्याता, सरिता शाक्य, प्राचार्य, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-11 उर्वशी साहू, उप प्रबंधक वीआर कटियार, उप प्रबंधक अशोक सिंह. स्काउट आयुक्त सत्यनारायण साहू व स्काउट मास्टर कीर्तिलता देशमुख सहित विभिन्न विद्यालयों के शाला-प्रधान एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। स्काउट-गाइड गतिविधियों का मूल्यांकन जिला शिक्षा अधिकारी, दुर्ग द्वारा प्रदत्त निर्णायकों के माध्यम से किया जा रहा है। रैली के दौरान 12 विभिन्न स्काउटिंग गतिविधियों का मूल्यांकन दो श्रेणियों, हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल में किया जाएगा।

**चार माह ज्ञान, ध्यान, जप-तप और अनुष्ठान किया**

**कार्नर न्यूज**

# दुर्ग में साध्वी समुदाय का चातुर्मास समापन श्रद्धा और तप की अलख के साथ हुई विदाई

**दुर्ग।** जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब में साध्वी समुदाय का चातुर्मास समापन श्रद्धा और भावनाओं से परिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चार माह तक ज्ञान, ध्यान, जप, तप और अनुष्ठान की साधना में लीन रहे साध्वी समुदाय ने कल अपने अंतिम प्रवचन में समाज को त्याग और आत्मसंयम का संदेश दिया। आज साध्वी मंडल का विहार महावीर कॉलोनी की ओर हुआ। धर्मसभा में चातुर्मास के दौरान विशेष सहयोग और धार्मिक ज्ञान अर्जन करने वालों का स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नेमीचंद चोपड़ा, सूरजमल कांकरिया, नवीन संचेती और नितिन संचेती का सम्मान हुआ। कार्यक्रम के दौरान जय आनंद मधुकर रतन पाठशाला के बच्चों और श्रमण संघ महिला मंडल ने गीतों के माध्यम से भावनात्मक प्रस्तुतियां दीं। सभा में निर्मल बाफना, प्रवीण श्रीश्रीमाल, पारसमल संचेती, नीलम बाफना, दिनेश बाफना, यश चंचल रतन बोहरा, रचिता श्रीश्रीमाल और प्रकाश रतन बोहरा ने अपने विचार साझा किए।







### 79 उपवास की तपस्या पर किरण संचेती का सम्मान

चातुर्मास के आरंभ में दो चांदी के अभिमंत्रित कलश स्थापित किए गए थे, जिन्हें डालचंद सुराणा और प्रवीण श्री श्रीमाल परिवार को प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वध्यायी श्रीमती किरण देवी संचेती की 79 उपवास की तपस्या का श्रमण संघ परिवार ने हर्ष और सम्मान के साथ अभिनंदन किया। श्रीमती संचेती ने अभी पारणा न करते हुए अपनी तपस्या आगे जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। सभा का संचालन संघ के मंत्री राकेश संचेती और टीकम छाजेड़ ने किया। श्रमण संघ अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा ने संघ के उत्थान और समर्पण की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया। साध्वी समुदाय के सान्निध्य में आचार्य सम्राट जयमल जी महाराज की दीक्षा जयंती 2 सामायिक और एकासना तप के साथ ऋषभ नगर के नवकार भवन में मनाई जाएगी। कार्यक्रम सुबह 8.45 से 9.45 बजे तक गुणानुवाद सभा के रूप में आयोजित होगा। संघ अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा और मंत्री राकेश संचेती ने सभी वर्ग के लोगों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रॉकी इंटरनेशनल आर्बिटर और ममता, मुदिता, आकांक्षा व तरुण बने फीडे आर्बिटर



**रायपुर।** विश्व शतरंज महासंघ (फीडे) द्वारा आयोजित फीडे आर्बिटर की परीक्षा में छत्तीसगढ़ से ममता देवांगन, मुदिता पाण्डेय, आकांक्षा शर्मा व तरुण सारथी ने उत्तीर्ण कर शानदार सफलता अर्जित की है वहीं प्रदेश के रॉकी देवांगन को फीडे ने इंटरनेशनल आर्बिटर का टाइटल प्रदान किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे ने बताया कि प्रदेश शतरंज संघ ने राज्य में निर्णायकों की संख्या बढ़ाने हेतु विशेष पहल कर इस वर्ष दुर्ग में राज्य स्तर पर आर्बिटर्स सेमिनार का आयोजन किया था ताकि ज्यादा से ज्यादा जिला इकाइयों को क्वालीफाइड आर्बिटर मिल सके और जिला स्तरीय शतरंज स्पर्धा का कुशलतापूर्वक संचालन कर सके। दुर्ग में आयोजित आर्बिटर सेमिनार में प्रदेश भर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था तथा सफलताएं अर्जित की थी।यहीं से मिले प्रोत्साहन व प्रेरणा ने ममता, मुदिता, आकांक्षा व तरुण को अद्भुत सफलता दिलाई। निर्णायकों की इस बेहतरीन उपलब्धि पर आर्बिटर कमीशन के चेयरमैन अलंकार भिवगड़े, इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी, रॉकी देवांगन, रविकुमार, रोहित यादव, शुभम बसोने, हर्ष शर्मा ,भावना जायसवाल तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के पदाधिकारियों व शतरंज प्रेमियों ने हर्ष जताया है।

### क्रिकेट में धमतरी, दुर्ग, रायगढ़ और जांजगीर की शानदार जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय प्रतियोगिता में गुरुवार को रोमांचक मुकाबले हुए। धमतरी में टीम बीएसपी के विरुद्ध धमतरी ने 6 विकेट से जीत हासिल की। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में महासमुंद के विरुद्ध दुर्ग ने चार विकेट से जीत हासिल की। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम रायगढ़ ने सरगुजा के विरुद्ध 55 रन से जीत हासिल की। इसी तरह कवर्धा में जांजगीर चांपा ने कवर्धा के विरुद्ध पांच विकेट से जीत हासिल की।

### क्लासिकल शतरंज में निभीष लक्ष्य ,अपूर्व व सावि बने विजेता



**रायपुर।** 1 व 2 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चेस शाला द्वारा आयोजित रायपुर एकेडमिक चेस टूर्नामेंट आयोजित की गई। इस स्पर्धा में अंडर 7 से लेकर अंडर 9 तक के खिलाड़ियों का अलग टूर्नामेंट कराया गया जिसमें स्विस लीग पद्धति से 4 राउंड में प्रतियोगिता संपन्न हुई। उसी प्रकार ओपन वर्ग में टोटल 5 चक्र आयोजित किए गए । अंडर 7 के विजेताओं में प्रथम लक्ष्य यादव, द्वितीय श्रीनिका रेड्डी,तृतीय अथर्व तिवारी, अंडर-9 प्रथम अपूर्व भार्गव, द्वितीय अनिका रेड्डी,तृतीय अनिका गुप्ता, अंडर-11 प्रथम सावि गौरी,द्वितीय जयवर्धन भार्गव, तृतीय विवान गुप्ता, ओपन वर्ग में प्रथम निभीष प्रधान, द्वितीय उत्कर्ष यादव, तृतीय लक्ष्य गुप्ता, चतुर्थ आदित्य जैन और पंचम अक्ष चोपड़ा रहे। सभी विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रतियोगिता के सबसे कम उम्र की खिलाड़ी शौर्य चौरड़िया 4.5 वर्ष रहें इनके साथ ही बालिका खिलाडियों में हेतांशी मुदलियार (प्रथम), वरीमा विश्वकर्मा (द्वितीय,) कशिका जैन (तृतीय) और विशिष्ट खिलाड़ी के रूप में अनिष्का अग्रवाल को ट्रॉफी देकर सम्मानित सम्मानित किया गया। स्पर्धा में कुल 50 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया । स्पर्धा के समापन अवसर पर एम पावर के डायरेक्टर गोविंद मुदलियार,प्लम एंड चेरी स्कूल की डायरेक्टर जाह्नवी मुदलियार, अरुण के साथ ही सभी पालक उपस्थित रहे। सहयोगी के रूप में तुषार गुप्ता ,प्राची यादव ,अक्षत महोबिया व श्रुति यादव रही। यह जानकारी स्पर्धा के आयोजक रोहित यादव ने दी।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में दोहरे मुकाबले में उपविजेता रहे अमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-19 बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 01 से 05 नवम्बर तक कबीरधाम में किया गया। प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल एवं सेमीफ़ाइनल तक पहुँचकर जिले का नाम गौरवान्वित किया। रायगढ़ के उभरते हुए खिलाड़ी अमान खान और हर्षवर्धन बारिक ने टूर्नामेंट में अनुशासित, संतुलित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल का परिचय दिया।

## लाइफ स्टाइल बदलने से आ रही फैटी लीवर की समस्या

# फैटी लिवर की समस्या से मिलेगा आराम जब अपने भोजन में शामिल करेंगे ये चीजें

फैटी लिवर मतलब लिवर के आसपास जरूरत से ज्यादा फैट जमा हो जाता है तो उसे फैटी लिवर कहा जाता है। ज्यादातर पुरुषों के मामलों में ऐसा अल्कोहल के सेवन, तेल-मसाले वाले खाने की वजह से होता है।

ज्यादातर मामलों में फैटी लिवर के कोई लक्षण नहीं होते हैं। लेकिन कई मामलों में ये स्थिति लिवर के लिए हानिकारक हो सकती है।

इसलिए जरूरी है कि फैटी लिवर होने पर हेल्दी खाना खाया जाए। ऐसा खाना खाया जाए जो फैटी लिवर को वापस हेल्दी बना दें। फैटी लिवर होने पर क्या-क्या खाना चाहिए? जवाब जानिए-

फैटी लिवर की असल स्थिति का अंदाजा फैट से लगाया जाता है, ये बात पहले भी बताई जा चुकी है। लेकिन असल में कितना फैट बढ़ने पर ऐसा होता है। ये जानना भी जरूरी है। शरीर में मौजूद कुल फैट की मात्रा लिवर के वजन से 10 प्रतिशत ज्यादा हो जाती है तो इस स्थिति को फैटी लिवर कहते हैं।

फैटी लिवर वो समस्या है जिसके चलते कई बार पेट में दर्द होता है और कई बार उल्टी भी महसूस होती है। पेट में दर्द होता है और इतना ही नहीं कई बार स्किन पर पीलापन भी आ जाता है।

स्थिति ज्यादा खराब होने पर



लिवर में सूजन भी आ जाती है। इसलिए जरूरी है कि इससे बचने के साधन तलाशे जाएं। सबसे अच्छा तरीका ये होगा कि खाने में हेल्दी डाइट ली जाए। ओमेगा 3 फैटी एसिड अखरोट की खासियत होता है, यही खासियत लिवर के लिए फायदेमंद होती है। अखरोट तब ज्यादा असरदार होता है जब फैटी लिवर की वजह एल्कोहल न हो। दरअसल एल्कोहल न लेने के बाद भी अगर फैटी लिवर हो रहा है तो उसे नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर रोग कहेंगे।

लहसुन के फैटी लिवर में फायदा करने की वजह इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जिनसे फैटी लिवर में काफी फायदा मिल जाता है।

पत्तेदार सब्जियां भी इस स्थिति में काफी फायदा देती हैं। खासतौर पर ब्रोकोली खाने से फैटी लिवर में काफी आराम मिलता है। दरअसल इनके सेवन से शरीर की चर्बी कम होती है।

आप इसके लिए फूलगोभी, हरा प्याज, गाजर, कद्दू, पत्तेदार साग, चुकंदर आदि का सेवन भी कर सकते हैं। ये सब्जियां शरीर को और फायदे भी देती हैं, जिससे शरीर हेल्थी होता जाता है और फायदा सभी अंगों को मिलता है।



मछली में अखरोट की तरह ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है। कई शोधों में पाया गया है कि ये एसिड फैट के लेवल और फैटी लिवर दोनों को ठीक करता है।

इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल के लेवल में सुधार होता जाता है। मछली में भी कुछ खास नाम इस काम में आपकी मदद कर सकते हैं जैसे सैल्मन और टूना। मछली खाने वालों को कई फायदे होते हैं।

कॉफी और ग्रीन टी का सेवन करने से अभी लिवर में जमा फैट कम हो जाता है। इसलिए इन्हें भी संतुलित मात्रा में सेवन किया जा सकता है। ध्यान रहे कैफीन की मात्रा' इतनी न हो कि दूसरी दिक्कतें शुरू हो जाएं। इसलिए सोच



समझकर एक्सपर्ट की सलाह पर ही कैफीन का सेवन करें।

ओट्स भी फैटी लिवर में फायदा देने वाला खाना है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट और फाइबर इसमें मदद करते हैं। कार्बोहाइड्रेट से ऊर्जा मिलती है तो फाइबर से फैट कम होता है। इससे पेट भी साफ होता है।

टोफू सोयाबीन से बनता है और फैटी लिवर में काफी लाभदायक है। दरअसल कई शोधों में पाया गया है कि सोया प्रोटीन फैटी लिवर को कम करने में कारगर है और लिवर की कोशिकाओं को ये काफी मजबूत करता है।

फैटी लिवर को अगर समय पर ठीक करने के उपाय न किए जाएं तो समस्या काफी बढ़ सकती है। फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस में बदल सकता है। इसलिए समय रहते इसका इलाज कराना सबसे जरूरी है।

अगर फैटी लिवर की समस्या है तो मरीज को वजन कम करने की कोशिश करनी चाहिए। वजन कम करके फैट कम होगा तो लिवर पर जमी एक्स्ट्रा चर्बी भी कम होती जाएगी।



## डाइट प्लान अपना कर इन ट्रिक्स से कम करें वजन

जब भी वेट लॉस की बात होती है तो लोग सबसे पहले अपनी डाइट पर काम करना शुरू करते हैं। वजन कम करने के लिए लोग तरह-तरह के डाइट प्लान फॉलो करने लगते हैं, जिससे उन्हें जल्द और अधिक इफेक्टिव रिजल्ट मिल सके। बहुत से लोग ऐसे भी होते हैं, जिनके लिए डाइट फॉलो करना संभव नहीं होता। ऐसे में वे डाइट शुरू करते हैं,लेकिन उसे बीच में ही छोड़ देते हैं। हो सकता है कि आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में हो तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।

अगर आप चाहें तो बिना डाइट प्लान के भी अपना वजन कम कर सकती हैं। इसके लिए खुद को भूखा रहना व अपनी इच्छाओं को मारने की जरूरत नहीं है। बस आपकी अप्रोच सही होनी चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ ट्रिक्स के बारे में बता रहे हैं, जिनकी मदद से आप बिना किसी डाइट प्लान को फॉलो किए भी अपना वजन आसानी से कम कर सकती हैं।

### इन ट्रिक्स की मदद से कम कर सकती हैं वजन



**खाने से पहले पीएं पानी:** यह एक छोटी सी ट्रिक है, लेकिन इससे आपको पोर्शन कंट्रोल करने में काफी मदद मिलती है। जिससे वजन कम करना काफी आसान हो जाता है। हमेशा खाने से 30 मिनट पहले एक या दो गिलास पानी पीने की आदत डालें। इससे जब आप खाना खाने के लिए बैठते हैं तो आपको अपना पेट भरा हुआ महसूस हो सकता है। यह तरकीब आपको खाने के लिए बैठने पर ज़्यादा खाने से रोकती है क्योंकि आपका पेट पहले से ही कुछ हद तक भरा हुआ महसूस करता है।

**खाते समय स्क्रीन करें बंद:** कुछ लोग घर का बना खाना खाते हैं, लेकिन फिर भी उनका वजन बढ़ने लगता है, क्योंकि उन्हें खाने की मात्रा का ख्याल नहीं रहता है। इसका सबसे बड़ा कारण स्क्रीन है। जब आप स्क्रीन देखते हुए खाना खाते हैं तो आपको यह पता ही नहीं चलता है कि आपका पेट भर गया है। ऐसे में आप कुछ अधिक ही खा लेते हैं और इससे वजन कम नहीं हो पाता है। इसलिए खाना खाते समय स्क्रीन बंद रखें। वजन कम करने के लिए स्क्रीन टाइम घटाना करना जरूरी है।

**खाने की लें महक:** यह एक अजीब सी ट्रिक है, लेकिन इससे आपको वजन कम करने में मदद मिल सकती है। हमेशा खाना खाने से पहले उसकी महक लें। खाने की महक आपके दिमाग को यह सोचने के लिए प्रेरित कर सकती है कि आपने ज़्यादा खा लिया है। इससे फील-गुड हार्मोन रिलीज़ होते हैं, जिससे ज़्यादा खाने की इच्छा कम होती है।

**डिनर के बाद दांत करें ब्रश:** रात को सोते समय दांत साफ करना एक अच्छी आदत है। इससे ना केवल आप ओरल हाइजीन का ख्याल रख पाते हैं, बल्कि आपको वजन कम करने में भी मदद मिलती है। दरअसल, एक बार जब आप अपने दांत साफ करते हैं तो इससे आपको देर रात स्नैकिंग करने की इच्छा कम होती है। तरह-तरह की फूड क्रेविंग कम होने से अपने कैलोरी काउंट पर बने रहना काफी आसान हो जाता है।



## राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ का 21 सदस्यीय दल रवाना

■ एकलव्य खेल परिसर - गीदम, दंतेवाड़ा दक्षिण बस्तर से 06 खिलाड़ी चयनित



**रायपुर।** अमृतसर (पंजाब) में 07 से 09 नवंबर तक आयोजित होने वाली 16वीं राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से 21 सदस्यीय दल भाग ले रहा है। छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनीस मेमन और महासचिव लखन कुमार साहू ने बताया कि एसजीएफआई से मान्यता प्राप्त खेल थाई बॉक्सिंग की राष्ट्रीय संस्था थाई बॉक्सिंग इण्डियन फेडरेशन (टीआईएफ) के तत्वावधान में पंजाब थाई बॉक्सिंग संघ द्वारा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक - बालिका) वर्ग की उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने छत्तीसगढ़ का दल रवाना हो चुका है।

इस दल में एकलव्य खेल परिसर - गीदम, दंतेवाड़ा (दक्षिण बस्तर) से 06 खिलाड़ी, 01 अधिकारी, बालोद से 07 खिलाड़ी, एक अधिकारी एवं रायपुर से 04 खिलाड़ी, एक अधिकारी तथा उत्तर बस्तर काँकेर से 01 अधिकारी चयनित हुए है। थाई बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा 16वीं राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप हेतु गठित टेक्निकल समिति में रायपुर के अनीस मेमन चीफ जज तथा एकलव्य खेल परिस - गीदम, दंतेवाड़ा की कोच टिकेश्वरी साहू रेफ़री एवं जूरी के रूप में चुनी गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश थाई बॉक्सिंग दल के कोच / मैनेजर का दायित्व काँकेर (उत्तर बस्तर) की नजमा परवीन कुरैशी और बालोद की भुनेश्वरी निर्वहन करेंगी। दल में शामिल बालिका खिलाड़ी में लच्छी कवासी, पायके कवासी, सोमानी मरकाम, रामे कवासी (एकलव्य खेल परिसर, गीदम, दंतेवाड़ा, दक्षिण बस्तर), प्रियंका साहू, मानसी तांडी, पिंकी गुप्ता, दीपाली बघेल (रायपुर), अंजली साहू, चिकलेश्वरी (बालोद), बालक खिलाड़ी में मंगल साय नाग एवं पप्पू कश्यप (दोनों एकलव्य खेल परिसर, गीदम, दंतेवाड़ा, दक्षिण बस्तर), बामन कुमार सिन्हा, आयुष जसूजा, मनीष देशमुख, संयम यादव, मयंक साहू (सभी बालोद) कोच एवं मैनेजर - श्रीमती नजमा परवीन कुरैशी (काँकेर), दिलेश्वरी (बालोद) फेडरेशन से आमंत्रित निर्णायक - अनीस मेमन (रायपुर) एवं टिकेश्वरी साहू (कोच - एकलव्य खेल परिसर, गीदम, दंतेवाड़ा) शामिल हैं।अमृतसर रवानगी से पहले समस्त खिलाड़ियों को टी शर्ट / ट्रैक सूट प्रदान किया गया। इस अवसर पर थाई बॉक्सिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनीस मेमन, योग प्रशिक्षक शम्भू गुप्ता (प्रदेश अध्यक्ष - स्वच्छ भारत मिशन भाजपा), शोभाराम तांडी और एस. के. गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## अब पूड़ियां नहीं पिएंगी तेल, अपनाएं देसी जुगाड़



पूड़ियां हमारे भारतीय खाने का अहम हिस्सा हैं और इन्हें त्यौहारों या खास मौकों पर जरूर बनाया जाता है, लेकिन कई बार पूड़ियां बनाते समय तेल ज्यादा सोख लेती हैं, जिससे वे चिपचिपी और भारी हो जाती हैं। इससे न सिर्फ स्वाद खराब होता है, बल्कि सेहत के लिए भी यह अच्छा नहीं होता। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो हम आपके लिए एक आसान और असरदार देसी जुगाड़ लेकर आए हैं, जिसे अपनाकर आप ऑयल-फ्री, क्रिस्पी, फुली और स्वादिष्ट पूड़ियां बना सकती हैं।

### डालें चुटकी भर नमक और 2 टूथपिक

यह एक पुराना और बहुत ही कारगर नुस्खा है। इस तरीके से बनी पूड़ियां गोल्डन, एकदम क्रिस्पी और ऑयल-फ्री बनती हैं। जब आप पूड़ियों को तलने के लिए तेल गरम करती हैं, तब उसमें 1 चुटकी नमक और 2 टूथपिक डाल दें। ऐसा करने से तेल का तापमान बना रहता है और पूरियां तेल को ज्यादा नहीं सोखतीं। नमक और टूथपिक तेल में बैलेंस पैदा करते हैं, जिससे पूड़ियों की सतह पर तेल चिपक नहीं पाता।

### आटे को सही तरह से गूंथना

पूड़ियों के लिए आटे को अच्छी तरह गूंथना जरूरी होता है। आटे को गूंथते समय इस बात का ध्यान रखें कि आटा न तो ज्यादा टाइट हो और न ही ज्यादा नरम। अगर आटा बहुत नरम होगा, तो पूड़ियां तेल ज्यादा सोखेंगी। आटा गूंथने के बाद कम से कम 20-30 मिनट के लिए ढककर रख दें। इससे आटा अच्छी तरह सेट हो जाता है।

कार्नर न्यूज

## घर को पारंपरिक दिखाना चाहते हैं तो जरूर अपनाएं बोहेमियन स्टाइल

# बोहेमियन स्टाइल में करें अपने घर की सजावट रौनक से भर जाएगा आपके घर का हर कोना

बोहेमियन शैली उन महिलाओं के लिए आदर्श है, जो चाहती हैं कि उनका घर पारंपरिक दिखे। बोहेमियन इंटीरियर के माध्यम से आप अपने घर को अधिक खूबसूरत बना सकती हैं। जिन लोगों को परंपरागत सीनरी और फोटो फ्रेम आदि दीवारों पर लगाने में आलस महसूस होता है, उनके लिए बोहो आर्ट एक तरह का रिफ्रेशमेंट है। बोहो कला दरअसल एक अपरंपरागत श्रेणी है, जो फैशनेबल होने के साथ-साथ देसी टच भी देती है। बोहेमियन आर्ट बेहद ही खूबसूरत होती है। इसमें कला के परंपरागत नियमों का बंधन न होकर पूरी तरह वास्तविक समाज की छाप होती है, फिर चाहे वह प्रकृति प्रेम हो या जनजातीय जीवन। आप भी अपने घर को बोहेमियन होम डेकोर स्टाइल से सजाकर खूबसूरत और आकर्षक लुक दे सकती हैं।

इस आर्ट डेकोरेशन में पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आप चाहें तो घर को सजाने के लिए प्लांट हैंगिंग का उपयोग करें, क्योंकि ये कम जगह घेरते हैं। आप आर्टिफिशियल प्लांट का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। बोहो आर्ट में रंगों के मैचिंग कॉन्सेप्ट से हटकर ढेर सारे वाइब्रेंट रंगों का प्रयोग होता है, जैसे



कि पर्पल सोफे पर गुलाबी कुशन या न्यूड कलर बेड के साथ डार्क मल्टी कलर का बैक ग्राउंड। लेकिन एक पैटर्न को फॉलो करना जरूरी है, वरना यह अजीब और भद्दा लगेगा। सर्दियां आने वाली हैं, ऐसे में आप लिविंग रूम या कमरे में एक विंटेज लुक का रग यानी गलीचा जरूर बिछाएं। टर्किश रग कमरे को बहुत रॉयल लुक देते हैं। अगर कमरा छोटा है तो आप छोटे-छोटे रग भी बिछा सकती हैं।

दीवार को सजाने के लिए रंग-बिरंगे टेपेस्ट्री वॉल हैंगिंग का इस्तेमाल करें। यह दिखने में बहुत सुंदर और क्लासी लगते हैं। प्रिंट के मामले में ट्राइबल प्रिंट पहले नंबर पर आता है, क्योंकि यह जनजातीय कला है। बोहो आर्ट डेकोरेशन में आप लाइट्स का उपयोग भी कर सकती हैं। साधारण टेबल लैंप के बजाय रंग-बिरंगे शेड्स वाले लैंप का इस्तेमाल करें। इसके अलावा आप कमरे की छत और दीवारों पर भी हैंगिंग लाइट्स लगा सकती हैं। आजकल रंग-बिरंगी दीवारों का चलन कम है और इसकी जगह पोर्टेबल आर्ट दीवारें लगाई जा रही हैं। बाजार में आजकल बोहो होम डेकोर वॉल आर्ट और टक्सन पोर्टेबल आर्ट मिल रही हैं। इंटीरियर डेकोरेशन में बोहेमियन विंड चाइम और झूमर क्रिस्टल प्रिज्म भी सुंदर दिखते हैं। इनको सकारात्मक ऊर्जा के लिए घरों में टांगा जाता है। इंटीरियर डिजाइनर वारिजा बजाज कहती हैं, आप जब भी अपने घर को सजाएं, इस बात का ध्यान रखें कि उसमें आपका व्यक्तित्व जरूर झलकना चाहिए। बोहो आर्ट प्रकृति प्रधान है, जिसमें लकड़ी, जूट, पौधे, हरियाली, जीव-जंतु के साथ-साथ हरे और मटमैले रंग की प्रधानता रहती है। वैसे तो बोहो आर्ट हमेशा से लोकप्रिय रही है, लेकिन कोरोना महामारी के बाद इसका क्रेज बढ़ गया है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## मैथ्यू के गुजरने के दो साल बाद बहन का चौंकाने वाला दावा



हॉलीवुड के मशहूर एक्टर और 'फ्रेंड्स' फेम मैथ्यू पेरी को गुजरे लगभग दो साल हो चुके हैं, लेकिन उनके चाहने वालों और परिवार के लिए वो आज भी यादों में जिंदा हैं। हाल ही में मैथ्यू की बहन केटलीन मॉरिसन ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें आज भी अपने भाई की मौजूदगी महसूस होती है। कभी-कभी वो उनकी आवाज तक सुन सकती हैं मानो मैथ्यू अब भी उनके साथ हों। केटलीन ने 'वैरायटी' के साथ अपने इंटरव्यू में कहा कि कई बार उन्हें ऐसा लगता है जैसे मैथ्यू आसपास ही हैं। उन्होंने कहा, 'जब भी कुछ होता है, मैं सोचती हूं कि मैथ्यू इस पर क्या कहते और तभी ऐसा लगता है जैसे उनकी आवाज कानों में गूंज रही हो'। इसके बाद केटलीन ने मुस्कुराते हुए कहा, 'शायद वो यहीं हैं। कौन जानता है शायद आत्माएं सच में होती हैं।' इसके बाद कैटलिन ने हंसते हुए कहा, 'अगर ऐसा है तो अब हम साथ में मिट्टी के बर्तन बनाएंगे।' बता दें ये क्लासिक फिल्म घोस्ट का फनी डायलॉग है। केटलीन ने माना कि अपने भाई की बरसी का दिन आज भी उनके लिए बेहद भारी होता है, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि अब वो उस दर्द को थोड़ा स्वीकार करना सीख चुकी हैं। उन्होंने बताया कि मैथ्यू के जन्मदिन पर उन्हें पहले से कुछ सुकून महसूस हुआ। उन्होंने कहा, 'ऐसे दिन हमें खुलकर रोने की इजाजत देते हैं, जब हम अपने गम को छिपाने की कोशिश नहीं करते।' अपने चिर-परिचित ह्यूमर में उन्होंने यह भी कहा, 'मजाकिया जवाब तो यह है कि मैथ्यू ने मेरा हैलोवीन बर्बाद कर दिया, और सच्चाई यह है कि वो दिन हमेशा थोड़ा अंधेरा रहेगा।' 'फ्रेंड्स' में चैंडलर बिंग के किरदार से दुनियाभर के दर्शकों के दिलों में पहचान बनाने वाले मैथ्यू पेरी का निधन 28 अक्टूबर 2023 को लॉस एंजेलिस स्थित अपने घर में हुआ था।

### टॉलीवुड

## राजामौली ने एनिमेटेड 'बाहुबली' की घोषणा की, प्रभास ने बजट को लेकर उड़ाया मजाक



एसएस राजामौली की 'बाहुबली' भारतीय सिनेमा की दमदार फिल्मों में से एक है। इस फिल्म ने बड़े पैमाने, शानदार सींस और भावनात्मक कहानी से सभी का दिल जीता। अब राजामौली 'बाहुबलीः द एपिक' लेकर आ रहे हैं। यह बाहुबली 1 और 2 को मिलाकर एक नई, बेहतर फिल्म है। रिलीज से पहले एक बड़ा सरप्राइज आया, जिससे सुनकर फैंस खुश हो जाएंगे। प्रभास और राणा दग्गुबाती के साथ राजामौली ने कहा, 'हम 'बाहुबलीः द इटरनल वॉर' का टीजर रिलीज कर रहे हैं। यह बाहुबली 3 नहीं, बल्कि बाहुबली की दुनिया का विस्तार है। यह 3 डी एनिमेटेड फिल्म है। इसका बजट करीब 120 करोड़ रुपये है।' फिल्म के बजट को लेकर प्रभास मजाक में बोले, '120 करोड़? यह तो बाहुबली के पहले भाग की प्लानिंग का बजट था।' राजामौली ने कहा, 'बाहुबली 3 सबसे आखिरी चीज होगी।' फैंस 'बाहुबली 3' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दूसरा ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो पुरानी यादें ताजा करता है। यह दोनों फिल्मों को एक में जोड़कर नई तकनीक, पुराने फुटेज की मरम्मत और कुछ नए सीन के साथ पेश करेगा। फिल्म 31 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह आईमैक्स, 4डीएक्स, डी बॉक्स, डॉल्बी सिनेमा और एपिक जैसे फॉर्मेट में होगी। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, हिंदी और मलयालम भाषाओं में रिलीज की जाएगी।

### भोजपुरी

## दिया और सुगम का लोकगीत 'प्यार केहू अउर से' रिलीज, दर्शकों ने लिया हाथों-हाथ



वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स एक और नया लोकगीत 'प्यार केहू अउर से' एक्ट्रेस दिया मुखर्जी और सिंगर सुगम सिंह की जोड़ी में संगीतप्रेमियों मनोरंजन के लिए लेकर आई है। इस गीत को सिंगर सुगम सिंह ने मधुर आवाज में गाया है, जिसे ऑडियंस का भरपूर प्यार आशीर्वाद मिल रहा है। इसके वीडियो में खूबसूरत अदाकारा दिया मुखर्जी ने अपनी मनमोहक अदाओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर रही है। वह अपने फैंस व ऑडियंस पर अपने हुस्न की बिजली गिराकर कयामत ढा रही है। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि एक्ट्रेस दिया मुखर्जी दुल्हन के जोड़े में मंडप में बैठी है और उसकी शादी किसी और लड़के से हो रही है, जबकि वह सिंगर एक्टर सुगम सिंह के साथ बेइंतहा प्यार करती थी। उसकी बेवफाई से दुःखी होकर सुगम सिंह दिल का दर्द बयां करते हुए कहते हैं कि 'गुजरत दुनियां ई कवना दौर से, गुजरत दुनियां ई कवना दौर से, प्यार केहू अउर से त शादी केहू अउर से, प्यार केहू अउर से त शादी केहू अउर से, प्यार केहू अउर से त शादी केहू अउर से' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'प्यार केहू अउर से' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को सिंगर सुगम सिंह ने गाया है। इसके वीडियो में एक्ट्रेस दिया मुखर्जी ने शानदार अदायगी करके बिजली गिरा रही हैं। दिया के प्रेमी का किरदार सिंगर एक्टर सुगम सिंह ने निभाया है। इस गाने को गीतकार संदीप साजन ने लिखा है, जबकि संगीतकार साजन मिश्रा ने मधुर संगीत दिया है।

### लाइफ स्टाइल



## आउटर वियर की शान

इस मौसम में बात ठंड की होनी चाहिए लेकिन हल्के जैकेट खासकर स्पोर्टी स्टाइल को नए सिरे से पेश कर डिजाइनर कुछ और ही कहानी कह रहे हैं। इन जैकेट्स को अभी से कैसे पहनना है, इसकी स्टाइल के लिए बोट्टेगा से बेहतर कुछ नहीं है, जहाँ एक इलास्टिक वाले विंडब्रेकर को फ्लूइड ट्राउज़र्स के साथ स्टाइल किया गया था। गुच्ची की तरह ज़िप-अप जैकेट भी यहाँ उतना ही अच्छा लगेगा—बस ऊपर से एक ओवरकोट डाल लें। गहरे चॉकलेट ब्राउन रंग वसंत के हल्के गुलाबी और हल्के पीले रंगों के साथ खास तौर पर मेल खाते हैं।

## घर की लक्ष्मी को करना है प्रसन्न तो तोहफे में दें इस तरह के गहने

सोना खरीदने का कोई खास मौका ही हो, यह जरूरी नही है। बात अगर अपने घर की लक्ष्मी को खुश रखने की हो तो आप सोने के शानदार जेवरात उपहार में दे सकते हैं। इन दिनों वैसे भी सोने के भाव कुछ कम हुए हैं तो इससे बेहतर दूसरा मौका नहीं हो सकता। इससे आपकी पत्नी भी खुश होंगी और आपके घर में आभूषण भी आ जाएगा।

### टेंपल ज्वेलरी

अगर आपका बजट ज्यादा है तो अपनी पत्नी को टेंपल ज्वेलरी बनवा कर दें। ये देखने में काफी क्लासी लगती है और आजक ये चलन में भी है। हाल ही में कई अभिनेत्रियों को टेंपल ज्वेलरी पहने देखा गया है।


### मीनाकारी गहने


मीनाकारी आभूषण सदाबहार माने जाते हैं। ऐसे में आप धनतेरस के दिन इसे खरीद सकते हैं। सोने के मीनाकारी आभूषणों पर रंगों से पेंटिंग की जाती है। ये देखने में काफी क्लासी लगती है।

### डायमंड सेट

अगर आपकी पत्नी को सोना पहनना ज्यादा नहीं पसंद है तो उन्हें धनतेरस के त्योहार पर डायमंड सेट खरीद कर दें। इसे वो जब-जब पहनेंगी तो उन्हें आपके प्यार का एहसास होगा।

### पैंडेंट सेट





आजकल की महिलाओं को ऐसे पैंडेंट पहनना पसंद होता है, जो काफी हल्के हों। ऐसे में पैंडेंट सेट आप खरीद सकते हैं। पैंडेंट सेट से साथ हल्के-हल्के टॉप्स भी मिल जाते हैं।

### सोने की अंगूठी

ज्यादातर महिलाओं को सोने की रिंग पहनने का शौक होता है। ऐसे में उन्हें उनकी मनपसंद डिजाइन की अंगूठी उन्हें तोहफे में दें। आजकल कई तरह की अंगूठियां ट्रेंड में है।

## स्किन एजिंग को रोकते हैं पोषक तत्व, आप भी कीजिए इस्तेमाल



पोषक तत्व शरीर के लिए जरूरी होते हैं। हर पोषक तत्व के अपने अलग फायदे होते हैं। ऐसे ही कुछ पोषक तत्व होते हैं जो स्किन एजिंग को मानो रोक देते हैं। इन पोषक तत्वों का सेवन करके आप भी अपनी स्किन में रौनक ला सकते हैं। इनके बारे में जान लीजिए।

### विटामिन सी



विटामिन सी हमारे शरीर के लिए कितना जरूरी है, ये तो कोविड के दौर में ही हमें पता चल चुका है। ये हमारे शरीर में इम्युनिटी बढ़ाता है। इसलिए ज्यादातर डॉक्टर विटामिन सी के भरपूर सेवन की सलाह देते हैं। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि विटामिन सी स्किन का भी जरूरी हिस्सा है। विटामिन सी कोलेजन को बढ़ाता है और इसका असर स्किन पर दिखता है। दरअसल जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे कोलेजन कम होता जाता है। इसका असर ही होता है कि स्किन पर रिंकल दिखते लगते हैं और फाइन लाइंस भी नजर आने लगती हैं। जबकि विटामिन सी कोलेजन को कम नहीं होने देता है। विटामिन सी के सेवन के लिए नींबू और आंवला सबसे अच्छे रहते हैं।

### विटामिन ई

विटामिन ई कॉम्प्लेक्स 8 यौगिकों का एक समूह है जिसे टोकोफेरोल कहा जाता है। इसके लिए सनफ्लावर ऑयल, एवोकाडो और बादाम खाने की सलाह दी जाती है।
ध्यान दीजिएगा कि ज्यादातर स्किन से जुड़े प्रोडक्ट में विटामिन ई होता ही है। इसकी वजह यही है कि विटामिन ई स्किन को कई तरह से फायदा देता है। इन्हीं फायदों में से एक है स्किन एजिंग।

### विटामिन बी 3

शोधों की मानें तो विटामिन बी3 हमारी स्किन के सेल्स में जरूरी एंजाइम को बढ़ाता है। जिससे एजिंग की प्रकिया धीमी हो जाती है। इस एंजाइम को एनएडी कहा जाता है।

### जिंक

जिंक कोशिकाओं की झिल्ली को मजबूत करता है। जिससे रिंकल नहीं बनते हैं और इनका बनना कम होता है। एक तरह से ये एजिंग के खिलाफ रक्षा कवच बना देता है। इसके साथ स्किन यूथफुल हो जाती है। इसका इंटेक करने के लिए आपको डेयरी प्रोडक्ट, साबुत अनाज और बीन्स का सेवन करना होगा। इसका असर भी आपको कुछ दिनों में दिखने लगेगा।

## चेहरे पर लाना है नैचुरली निखार तो गुलाब जल का करें इस्तेमाल

निखरी और बेदाग त्वचा पाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं। इसके लिए हम आए दिन कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी चेहरे पर करते हैं। वहीं इन बाहरी प्रोडक्ट्स की जगह आप घरेलू चीजों की सहायता लेकर भी खूबसूरत त्वचा पा सकती हैं। चेहरे की त्वचा को चमकदार बनाने के लिए आप गुलाब जल की सहायता ले सकती हैं। निखरी त्वचा पाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 2 से 3 चम्मच गुलाब जल और 2 से 4 चम्मच कच्चे दूध की डालें। इसमें आप आधा चम्मच कॉफी पाउडर की डालें। इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद ब्रश की मदद से चेहरे पर लगा लें। हल्के हाथों के दबाव से चेहरे पर मसाज कर सकते हैं। करीब 10 से 15 मिनट तक इसे चेहरे पर लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से चेहरे को साफ कर लें। इस फेस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में कम से कम 2 से 3 बार तक कर सकती हैं। लगातार इसका इस्तेमाल करने से आपको चेहरे की त्वचा में कुछ ही दिनों में बदलाव नजर आने लगेगा।



## पतले बालों में 5 मिनट में बन जाएंगे आसान हेयर स्टाइल्स

पतले बालों के लिए कुछ ऐसे हेयर स्टाइल्स मौजूद हैं, जो केवल 5 मिनट में बन जाते हैं और आसानी से आपके लुक को लिफ्ट करने में मदद कर सकते हैं। साथ ही इन हेयर स्टाइल्स को आकर्षक बनाने के लिए कुछ हेयर स्टाइलिंग टिप्स भी आपको जानना जरूरी है। मेसी लुक आजकल काफी पसंद किया जाने लगा है। बता दें कि इस तरह का लुक आप हर तरह के लुक के साथ ट्राई कर सकती हैं। इस तरह का हेयर स्टाइल बनाने के लिए आप लेंथ के बालों को हेयर स्टाइलिंग टूल की मदद से कर्ल कर लें। अगर आपके बाल आगे से छोटे हैं तो क्लीन लुक पाने के लिए आप पिंस की मदद से इसे सेट कर सकती हैं। बता दें कि इस तरह के हेयर स्टाइल को आप हर लेंथ के बालों के साथ चुन सकती हैं। सिंपल और सोबर लुक ट्राई करना चाहती हैं या इंस्टेंट दोस्तों के साथ बाहर जाने का प्लान बन गया है और आपके बाल ऑयली है तो इस तरह का सिंपल हेयर बन आपके लुक को लिफ्ट करने में आपकी सहायता करेगा। वहीं अगर आपका चेहरे चबी है तो इस तरह का हेयर स्टाइल आप अपने लिए बिल्कुल भी न चुनें। इस तरह का हेयर स्टाइल आप हर तरह के लुक के साथ ट्राई कर सकती हैं। पीछे के बालों के लिए आप चाहे तो ब्रेड बनाकर फिर बन बना सकती हैं और इसे पिंस की मदद से सेट कर सकती हैं। अगर आप पोनी टेल हेयर स्टाइल बनाना पसंद है और इसे आप एथनिक लुक के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इस तरह की ट्विस्टिंग फ्रंट ब्रेड बनाकर बचे बालों की लो मेसी पोनीटेल हेयर स्टाइल बना सकती हैं। अगर आपका चेहरा चबी है या आप आगे की तरफ चेहरे को क्यूट लुक देना चाहती हैं तो आगे कि ओर फ्लिक्स छोड़ सकती हैं। इन आगे के बालों को आप कर्ल जरूर कर लें। इस तरह का हेयर स्टाइल आप शरारा लुक या इंडो-वेस्टर्न लुक के साथ ट्राई कर सकती हैं।



### कार्नर न्यूज

### परफेक्ट दिखने की चाहत हो तो अपनाईए स्पेंडर्स

## अपने लुक में कीजिए स्पेंडर्स को शामिल हर मौके के हिसाब से ऐसे करें स्टाइल

सस्पेंडर्स वो एसेसरीज है, जिसे आमतौर पर पुरुष पहनने से घबराते हैं। उनको इसकी जरूरत भी नहीं लगती है। कई पुरुषों ने तो कभी इनको पहनने के बारे में सोचा भी नहीं होगा। दरअसल उन्हें लगता है कि इससे कहीं लुक बदल ना जाए। या कहें कहीं लुक खराब न हो जाए। लेकिन ये बात सही नहीं है। कुछ खास बातों का ध्यान रखकर अगर सस्पेंडर पहने जाएं तो इनसे स्मार्टनेस और बढ़ती ही है। मगर आपको फैशन टिप्स जरूर ध्यान रखने होंगे, कौन से हैं ये टिप्स जानते हैं-

### कैजुअल लुक के लिए

आपको सस्पेंडर के साथ कैजुअल लुक चाहिए तो आपको हमेशा पतले सस्पेंडर पहनने होंगे। दरअसल सस्पेंडर जितने पतले होंगे, लुक उतना ही कैजुअल आएगा। वहीं फॉर्मल लुक के लिए चौड़े सस्पेंडर सही रहते हैं। इनके साथ क्लासिक लुक भी मिल जाता है।

### एक्स या वाई सस्पेंडर



आपको बाजार में एक्स या वाई सस्पेंडर आसानी से मिल जाएंगे लेकिन इनमें से किसी एक को चुनना कठिन नहीं है। इन दोनों का अपना अलग लुक और असर होता है। वाई को मॉडर्न और फॉर्मल माना जाता है। इनमें आमतौर पर क्लिप की जगह बटन होते हैं। जबकि एक्स के साथ असर उलटा रहेगा।

### सूट और सस्पेंडर

सस्पेंडर पहनने का मौका कई बार सूट के साथ भी आएगा। लेकिन इस वक्त आपको सूट चुनते हुए ध्यान रखना होगा कि ये स्लिम कट ही हो। साथ में इसमें पैटर्न हों तो और भी अच्छा रहेगा।

### डेनिम और सस्पेंडर

डेनिम के साथ सस्पेंडर पहनना हो तो आपको डार्क कार्ल की डेनिम पैंट चुननी चाहिए। इसके साथ आपको हल्के रंग की शर्ट और न्यूट्रल कलर के सस्पेंडर पहनने से आपका लुक बन जाएगा। आप लेदर के डार्क ब्राउन कलर के सस्पेंडर भी चुन सकते हैं। या इस तरह से आपको कैजुअल लुक मिल जाएगा।

सस्पेंडर के साथ टाई
सस्पेंडर के साथ अगर टाई भी पहननी है तो आपको ये भी सोच समझकर करना होगा। आपको सस्पेंडर के साथ बो टाई या स्लिम टाई चुननी होगी।

